दैनिक

CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186

राजस्थान,दिल्ली,छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित

RNI NO. RAJHIN/2023/89729

# मरुधर विशेष



Marudharvishesh@gmail.com
मो. 9653906665

अंक 02/103 | जयपुर | 02 मई /2025 | शुक्रवार | मूल्य: रु. 5 | पृष्ठ: 04


चुनाव आयोग कर रहा बड़ा परिवर्तन
मतदान करना होगा आसान

# वोटर स्लिप पर बड़े अक्षरों में लिखे होंगे सीरियल और पार्ट नंबर

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

मतदाता अक्सर वोटिंग के दिन अपने घर के पास बूथ की जानकारी प्राप्त करने में कंफ्यूज हो जाते हैं या फिर बूथ के अंदर वोटिंग वाले कमरे के नंबर की जानकारी नहीं मिल पाती है। अब चुनाव से पहले आपके घर पर वोटर स्लिप आएगी तो पहले से कुछ अलग होगी। कोने में बड़े अक्षरों में सीरियल नंबर और पार्ट नंबर उपलब्ध होगा। इससे लोगों को किसी प्रकार का भ्रम नही रहेगा। चुनाव आयोग की तरफ से यह निर्णय लिया गया है।

अब वोटर स्लिप आएगी तो पहले से कुछ अलग होगी। कोने में बड़े अक्षरों में सीरियल नंबर और पार्ट नंबर उपलब्ध होगा। इससे लोगों को किसी प्रकार का भ्रम नही रहेगा। चुनाव आयोग की तरफ से यह निर्णय लिया कि स्लिप पहले से कुछ अलग होगी। बड़े अक्षरों में सीरियल नंबर और पार्ट नंबर उपलब्ध होगा।

### बिहार चुनाव से पहले चुनाव आयोग की कवायद

आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। इसी सिलसिले में चुनाव आयोग ने मतदाता सूचियों को और ज्यादा सटीक और भरोसेमंद बनाने के लिए तीन नई पहलें शुरू की हैं, जिसका मकसद है कि मतदान की प्रक्रिया को लोगों के लिए आसान और भरोसेमंद बनाया जा सके।

### मतदानों की सहूलियत और संदेह को दूर करने ईसी ने लिया यह फैसला



### अब मृत्यु के बाद आसानी से हटेगा वोटर का नाम

अब सीधे रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया से डेथ सर्टिफिकेट यानी मृत्यु प्रमाण पत्र लेकर मर चुके मतदाता के नाम को हटाने की ईसीआई प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है। इसके अलावा वोटर कंफर्मेशन स्लिप को वोटर्स फ्रेंडली बनाने और बीएलओ को पहली बार फोटो आइडेंटिटी कार्ड देने का चुनाव आयोग ने निर्णय लिया है। चुनाव आयोग ने ये फैसला किया है कि सीधे इलेक्ट्रॉनिक तौर पर डेथ सर्टिफिकेट डेटा लिया जाएगा ताकि किसी मतदाता की मौत से जुड़ी जानकारी जल्दी चुनाव आयोग को मिले। मृत्यु प्रमाणपत्र के आधार पर मतदाता की मृत्यु को फील्ड विजिट कर बीएलओ की तरफ से वैरिफाई किया जाएगा और इसके बाद मतदाता सूची को अपडेट किया जाएगा।

### प्रमाणीकरण में नहीं होगी देरी

अब सीधे रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया से जानकारी मिलने से चुनाव चुनाव आयोग मृतक वोटर के नाम को मतदाता सूची से डिलीट करने की प्रकिया फॉर्म 7 मिलने से पहले शुरू कर सकता है। इसके अलावा चुनाव आयोग ने मतदाता सूचना स्लिप को ज्यादा वोटर फ्रेंडली बनाने का फैसला किया है। आयोग ने ब्लॉक लेवल ऑफिसर्स को पहली बार फोटो आइडेंटिटी कार्ड देने का फैसला किया ताकि पहचान और संपर्क आसान हों।

### बीएलओ को मिलेंगे पहचान पत्र

तीसरे ऐलान के तहत अब हर बीएलओ को एक मानक फोटो पहचान पत्र दिया जाएगा ताकि जब वे घर-घर जाकर मतदाताओं से मिलें तो लोग उन्हें आसानी से पहचान सकें। साथ ही भरोसे से बात कर सकें। हालांकि मामले में चुनाव आयोग का कहना है कि ये सभी कदम विश्वास, पारदर्शिता और सहूलियत बढ़ाने की दिशा में एक मजबूत प्रयास हैं।

## खबर संक्षेप

### अजमेर के होटल में आग में 4 की मौत

**अजमेर।** यहां के डिग्गी बाजार इलाके में गुरुवार सुबह नाज होटल में 8 बजे भीषण आग लग गई।



लोगों को भागने का मौका तक नहीं मिला। हादसे में अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि मासूम सहित 5 लोग झुलस गए हैं। एक मां ने बचने का कोई रास्ता नहीं देख डेढ़ साल के मासूम को खिड़की से नीचे फेंक दिया, हालांकि वह बच गया। सुरक्षा कर्मियों ने उसे बचा लिया।

### इस बार आतंकवाद का खात्मा होना चाहिए

**हैदराबाद।** एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार फिर पाकिस्तान पर करारा



हमला किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा कहती है घर में घुस के मारेंगे। अगर केंद्र सरकार इस बार पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करने जा रही है तो 'घर में घुस कर बैठ जाना'। पीओके हमारा है। सभी विपक्षी दल सरकार से कह रहे हैं कि इस बार आतंकवाद का खात्मा होना ही चाहिए।

### गुणवत्ता जांचने 20 को लॉन्च होगा 'डिपो दर्पण'


**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार आगामी 20 मई को 'डिपो दर्पण' पोर्टल और मोबाइल एप लॉन्च करने जा



रही है, जिसका उद्देश्य देशभर के खाद्यान्न भंडारण डिपो में उच्चतम गुणवत्ता और प्रदर्शन मानकों को सुनिश्चित करना है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी इस डिजिटल पहल का उद्घाटन करेंगे। इस 2,278 गोदामों को जोड़ा जाएगा। इससे लोगों को सहूलियत होगी।

### आप नेता नरेश पर मकोका की चार्जशीट

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत



आप के पूर्व विधायक नरेश बालियान के खिलाफ राउज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। इसमें नरेश के साथ ज्योति प्रकाश, साहिल, और विजय को भी आरोपी बनाया गया है। मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट शुक्रवार को इस संबंध में विचार करेगा।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास का निधन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास का गुरुवार को अहमदाबाद में



निधन हो गया। वे एक महीने से अस्पताल में भर्ती थीं। गणगौर पूजा के दौरान चुन्नी में आग लगने से वे गंभीर रूप से झुलस गई थीं। करीब 90 प्रतिशत तक जलने के कारण उनकी हालत लगातार बिगड़ती गई और अंततः उन्होंने अहमदाबाद के जायडस अस्पताल में अंतिम सांस ली।

मुंबई में विश्व दृश्य- श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन की शुरुआत

# दुनिया के लिए सृजन का यही समय, सही समय संस्कृति, रचनात्मकता व कनेक्ट की लहर चली

**पीएम मोदी ने वेव्स को**
*सृजनात्मकता का उत्सव बताया*



**एजेंसी ▶▶ मुंबई**

पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को मुंबई में विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन यानी वेव्स का उद्घाट्न किया। वेव्स 2025 चार दिवसीय कार्यक्रम मीडिया और मनोरंजन जगत को साथ ला रहा है। वेव्स 2025 की टैगलाइन है- 'कनेक्टिंग क्रिएटर्स, कनेक्टिंग कंट्रीज'। इसमें 90 से अधिक देशों की भागीदारी है, जिसमें 10,000 से अधिक प्रतिनिधि, 1,000 क्रिएटर्स, 300 से अधिक कंपनियां और 350 से अधिक स्टार्टअप शामिल हो रहे हैं।

पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुंबई में 100 से अधिक देशों के कलाकार, निवेशक और नीति निर्माता एक साथ एक ही छत के नीचे एकत्र हुए हैं। एक तरह से आज यहां वैश्विक प्रतिभा और वैश्विक रचनात्मकता के एक वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र की बड़ी नींव है। वेव्स सिर्फ एक संक्षिप्त शब्द नहीं है। ये संस्कृति, रचनात्मकता, यूनिवर्सल कनेक्ट की लहर है।

**टैगलाइन है- 'कनेक्टिंग क्रिएटर्स, कनेक्टिंग कंट्रीज'**

### फिल्म निर्माण, डिजिटल कंटेंट, गेमिंग, फैशन और संगीत का वैश्विक हब बनेगा

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत फिल्म निर्माण, डिजिटल कंटेंट, गेमिंग, फैशन और संगीत का वैश्विक हब बन रहा है। लाइव कॉन्सर्ट से जुड़ी इंडस्ट्री के लिए अनेक संभावनाएं हमारे सामने हैं। आज ग्लोबल एनिमेशनल मार्केट का आकार 430 बिलियन डॉलर से ज्यादा का है। अनुमान है कि अगले 10 सालों में ये दोगुना हो सकता है। ये भारत की एनिमेशन और ग्राफिक इंडस्ट्री के लिए बहुत बड़ा अवसर है।

**10,000** से अधिक प्रतिनिधि
**1,000** क्रिएटर्स
**300** से अधिक कंपनियां
**350** से अधिक स्टार्टअप
**90** से ज्यादा देशों की भागीदारी होगी

### भारत में ऑरेंज इकोनॉमी का उदय काल




पीएम मोदी ने कहा कि ये भारत में सृजन करें, विश्व के लिए सृजन करें' का सही समय है। आज जब दुनिया कहानी सुनाने के नए तरीके ढूंढ रही है तब भारत के पास हजारों वर्षों की अपनी कहानियों का खजाना है। और ये खजाना समय से परे है, सोच का दायरा बढ़ाने वाला है और वास्तव में वैश्विक है। ये भारत में ऑरेंज इकोनॉमी का उदय काल है। सामग्री, रचनात्मकता और संस्कृति, ये ऑरेंज इकोनॉमी की तीन धुरी है। भारतीय फिल्मों की पहुंच अब दुनिया के कोने-कोने में पहुंच रही है। आज 100 से अधिक देशों में भारतीय फिल्में रिलीज होती हैं।

**वेव्स हर कलाकार क्रिएटर का वैश्विक मंच**

पीएम मोदी ने कहा कि वेव्स एक ऐसा वैश्विक मंच है, जो आप जैसे हर कलाकार, हर क्रिएटर का है। जहां हर कलाकार, हर युवा एक नए विचार के साथ रचनात्मक दुनिया के साथ जुड़ेगा। आज से 112 साल पहले 3 मई, 1913 को भारत में पहली फीचर फिल्म राजा हरिश्चंद्र रिलीज हुई थी, इसके निर्माता दादासाहेब फाल्के जी थे और कल ही उनकी जन्मजयंती थी। बीती एक सदी में भारतीय सिनेमा ने भारत को दुनिया के कोने-कोने में ले जाने में सफलता पाई है।

### सिनेमा की 5 दिग्गज हस्तियों के डाक टिकट लॉन्च किए

पीएम ने जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में पहले वेव्स में भारतीय सिनेमा की 5 दिग्गज हस्तियों गुरु दत्त, पी. भानुमति, राज खोसला, ऋत्विक घटक और सलिल चौधरी पर स्मारक डाक टिकट भी लॉन्च किया। पीएम ने कहा कि आज वेव्स में इस मंच पर हम ने भारतीय सिनेमा के अनेक दिग्गजों को डाक टिकट के माध्यम से याद किया है। मैं कभी गेमिंग, संगीत, निर्माताओं चमकने वाले चेहरों से मिला।

**उद्योगपति अंबानी ने कहा**

*भारत का मीडिया और मनोरंजन उद्योग अगले दशक में 100 अरब*



दिग्गज उद्योगपति मुकेश अंबानी ने कहा कि भारत का बहुमुखी मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग अगले दशक में तीन गुना से अधिक बढ़कर 100 अरब डॉलर का हो सकता है। इस वृद्धि से लाखों नौकरियां उत्पन्न होंगी और इसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा।

**समिट में बोले रजनीकांत**

*पीएम योद्धा, वे चुनौतियों का सामना करने में सक्षम*



अभिनेता रजनीकांत ने पहलगाम हमले के बारे में बात की। रजनीकांत ने मोदी को योद्धा कहा और कहा कि उन्हें भरोसा है कि वे किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम हैं।

**100 से अधिक देशों के कलाकार, निवेशक और नीति निर्माता हुए एकत्र:** पीएम मोदी ने कहा कि गुरुवार को मुंबई में 100 से अधिक देशों के कलाकार, निवेशक और नीति निर्माता एक साथ एक ही छत के नीचे एकत्र हुए हैं। एक तरह से आज यहां वैश्विक प्रतिभा और वैश्विक रचनात्मकता के एक ईको-सिस्टम की नींव रखी जा रही है।

हरियाणा-पंजाब में पानी पर घमासान

# भाखड़ा डैम पहुंचे मान एक बूंद पानी नहीं देंगे



**एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़**

भाखड़ा डैम से हरियाणा को 8500 क्यूसेक अतिरिक्त पानी छोड़े जाने के आदेश के बाद जमकर विवाद बड़ा है। डैम पर ताला लगा दिया है। सीएम भगवंत मान भी भाखड़ा डैम पहुंचे। मान ने कहा कि यह बड़ा ही गंभीर मामला है। पंजाब पानी के संकट से गुजर रहा है। पंजाब के भी डैम अपने लेवल से कम चल रहे है। भाखड़ा 1566 फीट था। इस पर बार 1555 फीट था, पौंग 1325 एमएएफए था, इस बार 1293 है। रणजीत सागर 505 मीटर था, इस बार 502 मीटर है।

हमारे पास पानी की एक भी बूंद नहीं है। हमसे कोई उम्मीद न करो। उन्होंने कहा कि कोई भी पानी नहीं ले जा सकेगा। मेरे पास पानी की बूंद-बूंद का हिसाब है। हरियाणा के लोग बेटी के घर का पानी तक नहीं पीते हैं और ये नहरें मांग रहे हैं। कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस वहां प्रदर्शन कर रहे वर्कर्स के साथ धरने पर बैठ गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अतिरिक्त पानी भेजने का सवाल ही नहीं उठता।

### हरियाणा को और पानी नहीं देंगे

पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) सरकार हरियाणा को और पानी नहीं देने देगी। उन्होंने भाजपा पर पंजाब के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया। चीमा ने यह टिप्पणी भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड द्वारा यहां आयोजित बैठक में हरियाणा के लिए 8,500 क्यूसेक पानी छोड़ने का निर्णय लेने के एक दिन बाद की है। हरियाणा के लिए पानी छोड़ने का निर्णय पंजाब सरकार के अधिकारियों द्वारा बीबीएमबी के कदम पर कड़ी आपत्ति जताने के बावजूद लिया गया। पंजाब के अधिकारियों का दावा था कि हरियाणा ने पहले ही अपने हिस्से का पानी इस्तेमाल कर लिया है।

### मान 'गंदी राजनीति' कर रहे : प्रवेश

**नई दिल्ली।** पानी के बंटवारे को लेकर हरियाणा और पंजाब के बीच जारी जुबानी जंग में भाजपा नीत दिल्ली सरकार ने आप शासित पंजाब पर दिल्ली में पानी की आपूर्ति रोककर 'गंदी राजनीति' करने का आरोप लगाया। दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में आप शासित पंजाब सरकार पर हरियाणा और दिल्ली को यमुना का पानी रोककर 'गंदी राजनीति' करने का आरोप लगाया। वर्मा ने कहा कि आप सरकार पूरी तरह से गलत काम करने को उतारू है।

धनखड़ ने सभी को बाध्यकारी कर्तव्य की याद दिलाई

# संवैधानिक संस्थाएं अपनी सीमा में रहें तो बढ़ेगा परस्पर मान और सम्मान

'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' के विमोचन पर यह बात कही

**एजेंसी ▶▶ लखनऊ**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि देश की सभी संवैधानिक



संस्थाओं का एक-दूसरे का सम्मान करना बाध्यकारी कर्तव्य है और यह सम्मान तभी होता है जब सभी संस्थान अपने-अपने दायरे में सीमित रहते हैं। उन्होंने कहा कि संस्थाओं के टकराव से लोकतंत्र फलता-फूलता नहीं है। वे उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के जीवन वृत्तांत पर आधारित पुस्तक 'चुनौतियां मुझे पसंद हैं' के विमोचन पर यह बात कही। उन्होंने वक्फ विधेयक को लेकर शीर्षकोर्ट के रुख का इशारा करते हुए कहा कि कई ऐसी चुनौतियां हैं, जिसकी हम चर्चा नहीं कर सकते। जो चुनौती अपनों से मिलती है जिसका तार्किक आधार नहीं है।

### उन्होंने समन्वय और सहभागिता पर दिया जोर

धनखड़ ने कहा कि जब संस्थाओं के बीच टकराव होता है। संविधान इस बात की मांग करता है कि समन्वय हो, सहभागिता हो, विचार विमर्श हो, संवाद और वाद-विवाद हो। राष्ट्रपति जैसे गरिमापूर्ण पद पर टिप्पणी करना मेरे हिसाब से चिंतन का विषय है और मैंने इस बारे में अपनी चिंता व्यक्त की है। सभी संस्थाओं की अपनी-अपनी भूमिका है।

### महिलाओं ने मुंबई कैनाल में किया प्रदर्शन



**मुंबई।** नासिक जिले के इगतपुरी में जलसंकट की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों का आंदोलन जारी है। इस बीच गुरुवार को जल समस्या के विरोध में महिलाओं ने मुंबई कैनाल में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी महिलाएं वैतरणा बांध की मुंबई कैनाल में छलांग लगाई। प्रदर्शनकारी रस्सी लगा रखे थे ताकि महिलाएं बहें नहीं। अधिकारियों ने कैनाल का पानी बंद कर दिया है।

शीर्ष कोर्ट ने 2015 के निर्देश को दोहराया और कहा

# ताजमहल के 5 किमी के भीतर बिना हमारी अनुमति के पेड़ नहीं काटे जाएं

अधिकारियों को शर्तों का अनुपालन करने को भी कहा

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

देश के सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के आगरा में



ताजमहल के 5किलोमीटर के हवाई क्षेत्र में बिना अनुमति के पेड़ों की कटाई पर प्रतिबंध लगाने संबंधी अपने 2015 के निर्देश को दोहराया है। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि ऐतिहासिक स्मारक से 5 किमी की दूरी से परे टीटीजेड के भीतर पेड़ों की कटाई के लिए केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति के प्रभागीय वन अधिकारी की अनुमति की जरूरी है। अधिकारी अधिनियम के प्रावधानों से बंधे होंगे। काटने की अनुमति देने से पहले निर्धारित शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था।

### 8 मई 2015 का मूल आदेश लागू रहेगा

पीठ ने कहा कि ताजमहल के 5 किलोमीटर के भीतर मौजूद क्षेत्रों के संबंध में, 8 मई, 2015 का मूल आदेश लागू रहेगा। ऐसे मामलों में, पेड़ों की कटाई की अनुमति के लिए आवेदन करना होगा, भले ही पेड़ों की संख्या 50 से कम हो। कोर्ट समिति से अनुशंसा मांगेगी और पेड़ों की कटाई पर विचार करेगी। जब तक पेड़ों को काटने की जरूरत न हो, अधिकारी को शर्त लगानी होगी।

नैनीताल में नाबालिग से दुष्कर्म के बाद नहीं थम रहा बवाल

# 'कर्फ्यू' के हालात, सड़कों पर सिर्फ प्रदर्शनकारी और पुलिस

**एजेंसी ▶▶ नैनीताल**

शहर में 12 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म के बाद हुआ बवाल दूसरे दिन भी नहीं थमा। सैकड़ों लोग सड़कों पर उतरकर जमकर हंगामा किया। शहर में कर्फ्यू जैसा माहौल है। सड़कों पर सिर्फ प्रदर्शनकारी और पुलिसनजर आ रही है। भाजपाई, हिंदूवादी संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता व आमजन आयुक्त कार्यालय में ज्ञापन सौंप आरोपित के घर की ओर कूच करने लगे तो पुलिस ने रोक लिया। लोग कोतवाली के बाहर आरोपित को फांसी की सजा देने और उसके घर को ढहाने की मांग को लेकर डटे हैं।

### सैकड़ों लोग सड़कों पर उतरे और हंगामा किया, फांसी की मांग



### पेशी के दौरान आरोपी को पीटने दौड़े अधिवक्ता

आरोपी को पुलिस हल्द्वानी कोर्ट में पेश की तो दौरान अधिवक्ता भी उसे पीटने दौड़ पड़े। पुलिस ने कड़ी सुरक्षा में उसे पेश किया। बुधवार रात मुस्लिम ठेकेदार 65 वर्षीय उस्मान द्वारा दुष्कर्म की घटना सामने आने के बाद बवाल हो गया था। भाजपाई और हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता समेत तमाम लोगों ने रात तक जमकर हंगामा किया था। अधिवक्ताओं ने भी डांठ तिराहे में धरना प्रदर्शन कर आरोपी का केस नहीं लड़ने का ऐलान किया।

**दुकान-प्रतिष्ठान बंद पर्यटक भी नहीं**

घटना के विरोध में शहर के तमाम व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखें। जिस कारण सड़कों पर कर्फ्यू सा माहौल रहा। प्रदर्शनकारियों और पुलिस फोर्स के अलावा सड़कों पर सामान्य लोग और पर्यटक भी नजर नहीं आए।

### आरोपी के घर स्वयं अतिक्रमण हटाने का नोटिस

मामले ने तूल पकड़ा तो पालिका को भी अवैध निर्माण भी याद आ गई। पालिका ने सख्ती दिखाते हुए आरोपी के भवन को अवैध अतिक्रमण करार देकर नोटिस जारी किया है। पालिका की ओर से आरोपी के भवन में नोटिस चस्पा कर तीन दिन के भीतर खुद अतिक्रमण हटाने और अपना पक्ष रखने के निर्देश दिए है। अन्य अतिक्रमणकारियों को भी नोटिस जारी किए गए है। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

मौसम विभाग ने दिया पूर्वानुमान

# तेज धूप- गर्मी के साथ ही आंधी-बारिश की संभावना

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी और तेज धूप का दौर जारी हैं। कई जगह लू की स्थिति देखने को भी मिल रही है, लेकिन अब लोगों को इससे थोड़ी राहत मिलने जा रही है। मौसम में बदलाव होने की उम्मीद जताई जा रही है। इससे लोगों को गर्मी और लू से राहत मिलेगी।

इस दौरान भीषण गर्मी भी लोगों को परेशान करेगी। मौसम पूर्वानुमान एजेंसियों ने मई के पहले सप्ताह में पूरे देश में प्री-मानसून गतिविधियां तेज होने की संभावना व्यक्त की है। देश के लगभग सभी हिस्सों में



बारिश और गरज-चमक देखने को मिलेगी। स्काईमेट वेदर का अनुमान है कि देश के लगभग सभी हिस्सों में बारिश और गरज-चमक देखने को मिलेगी। इस बार बारिश गुजरात और राजस्थान के अंतिम छोर तक पहुंचेगी। यह बारिश प्री-मानसून पीक रेनफॉल साबित हो सकती है, जो आगामी मानसून सीजन से भी जुड़ी हुई है।

## चिंतन

# भारत को वैश्विक केंद्र बनाएगा 'वेव्स'

विश्व के पहले दृश्य, श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन का भारत में होना इस क्षेत्र में हमारी अहमियत को दर्शाता है। एक मई से चार मई तक होने वाले 'विश्व दृश्य श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन' (वेव्स) का उद्देश्य दुनियाभर के रचनाकारों, स्टार्टअप, उद्योग जगत के लोगों और नीति निर्माताओं को साथ लाकर भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार का वैश्विक केंद्र बनाना है। सिनेमा, ओटीटी, सोशल मीडिया, वेबसाइट्स, रेडियो, मीडिया आदि उद्योग में अपार संभावनाएं हैं, अच्छे कंटेंट की हमेशा चुनौतियां हैं, इस क्षेत्र को गति देने की जरूरत है, एआई (आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस) जैसे टूल आने से सुविधा के साथ दिक्कतें भी बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले वेव्स सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत में सृजन, विश्व के लिए सृजन का सही समय है। रचनात्मक क्षेत्र के लोगों को संगीत, नृत्य और कहानी कहने की शैली जैसी कलाओं का इस्तेमाल करके अधिक संवेदनशील भविष्य बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। मनुष्य को रोबोट में नहीं बदलने देना है। हमें उन्हें और अधिक संवेदनशील बनाना है। पीएम का संदेश साफ है कि संवेदनशीलता के साथ मनोरंजन किया जाना चाहिए। हिंसा, अश्लीलता और रोबोटिक मनोरंजन से समाज निर्माण की यात्रा आगे नहीं बढ़ सकती है। दृश्य, श्रव्य और मनोरंजन उद्योग को रचनात्मक जिम्मेदारी निभानी होगी। हमें युवा पीढ़ी को कुछ मानवता विरोधी विचारों से बचाना होगा। पीएम की ये टिप्पणियां विवादास्पद ऑनलाइन सामग्री को लेकर जारी बहस के बीच आई हैं, जहां उच्चतम न्यायालय ने सरकार से इसके विनियमन के लिए दिशानिर्देश बनाने को कहा है। आज भारत फिल्म निर्माण, डिजिटल विषयवस्तु, गेमिंग, फैशन, संगीत और लाइव प्रस्तुतियों के लिए अंतरराष्ट्रीय केंद्र के रूप में उभर रहा है। दरअसल, रचनात्मक दुनिया में मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक चेतना को जगाने की शक्ति है। 'वेव्स' केवल शब्द-संक्षेप नहीं है, यह संस्कृति, रचनात्मकता, फिल्म संगीत, गेमिंग, कहानी कहने की शैली की एक लहर है। वेव्स से भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित होने में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम से दुनिया भर से निर्माता, कंटेंट बनाने वाले, फिल्म जगत व गेमिंग उद्योग से जुड़े प्रमुख व्यक्तियों और नीति निर्माताओं को एक मंच पर लाने की पहल की गई है। 'वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट' (वेव्स) फिल्मों, ओटीटी (ओवर द टॉप), गेमिंग, कॉमिक्स, डिजिटल मीडिया, एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता), एवीजीसी-एक्सआर (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स - एक्सटेंडेड रियलिटी), प्रसारण एवं उभरती हुई तकनीक को एक मंच प्रदान करेगा और खुद को भारत के मीडिया एवं मनोरंजन कौशल के व्यापक प्रदर्शन के रूप में पेश करने का प्रयास करेगा। शिखर सम्मेलन का उद्देश्य 2029 तक 50 अरब अमेरीकी डॉलर के बाजार को सबके लिए खोलना तथा वैश्विक मनोरंजन अर्थव्यवस्था में भारत की उपस्थिति का विस्तार करना है। भारत का बहुमुखी मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग अगले दशक में तीन गुना से अधिक बढ़ जाएगा। एआई और 'इमर्सिव टेक्नोलॉजी' (डिजिटल दुनिया में जीवंत अनुभव देने वाली प्रौद्योगिकी) से इस क्षेत्र को मदद मिलेगी। वेव्स भारत के मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए एक नए युग के शुभारंभ का प्रतिनिधित्व करेगा। यह भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध होगा।



अर्थव्यवस्था

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# युद्ध में आर्थिकी भी है प्रभावी हथियार

> इस समय जहां पूरा देश पाकिस्तान के साथ युद्ध सहित सभी विकल्पों से मुकाबले के लिए सरकार के साथ एकजुट खड़ा है, वहीं देश की मजबूत घरेलू आर्थिकी भी भारत के लिए एक प्रभावी हथियार दिखाई दे रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के अधिकांश देशों की तुलना में भारत का शेयर बाजार तेजी से बढ़ने की प्रवृत्ति दिखा रहा है। 28 अप्रैल को भारत का सेंसेक्स 80,218 अंकों की ऊंचाई पर दिखाई दिया है। साथ ही डॉलर की तुलना में रुपया मजबूत हुआ है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पाकिस्तान से युद्ध के माहौल, टैरिफ की चुनौतियों और अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध के बीच भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था भारत की शक्ति बन गई है।

इन दिनों पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के द्वारा पाकिस्तान को सिखाए जाने वाले सबक के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर जो रिपोर्ट प्रकाशित हो रही हैं, उनमें कहा जा रहा है कि भारत सैन्य ताकत की दृष्टि से पाकिस्तान से मजबूत है और पाकिस्तान पर सैनिक कार्रवाई में कोई दिक्कत नहीं है। भारत के पास दुनिया का कूटनीतिक समर्थन है और इन सबके साथ-साथ भारत की आर्थिकी दमदार और मजबूत है। इन आधारों पर भारत पाकिस्तान से सभी प्रकार के युद्ध में विजेता बनते हुए दिखाई दे सकेगा। वस्तुतः इस समय जहां पूरा देश पाकिस्तान के साथ युद्ध सहित सभी विकल्पों से मुकाबले के लिए सरकार के साथ एकजुट खड़ा है, वहीं देश की मजबूत घरेलू आर्थिकी भी भारत के लिए एक प्रभावी हथियार दिखाई दे रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि दुनिया के अधिकांश देशों की तुलना में भारत का शेयर बाजार तेजी से बढ़ने की प्रवृत्ति दिखा रहा है। 28 अप्रैल को भारत का सेंसेक्स 80,218 अंकों की ऊंचाई पर दिखाई दिया है। साथ ही डॉलर की तुलना में रुपया मजबूत हुआ है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सैन फ्रांसिस्को में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत बनाई जा रही है और सरकारी ऋण के बेहतर प्रबंधन से भारत का राजकोषीय घाटा भी नियंत्रित है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक का मानना है कि भारत चुनौतियों के बीच नई संभावनाओं वाला देश है और भारत वैश्विक व्यापार को बढ़ाने वाला इंजन बन सकता है। भारत ट्रंप टैरिफ और वैश्विक व्यापार युद्ध के दौर में नीतिगत चुस्ती और दीर्घकालीन नजरिए से वैश्विक व्यापार चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है। अर्थव्यवस्था व्यापक आर्थिक विवेक से प्रबंधित की जा रही है। उद्यमियों को नीतिगत स्थिरता, प्रशासन, नवाचार एवं वृहद आर्थिक नीति उपलब्ध कराई जा रही है। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास संगठन (अंकटाड) के द्वारा जारी ट्रेड एंड डेवलपमेंट रिपोर्ट 2025 में कहा गया है कि वैश्विक मंदी की आशंका और बढ़ते व्यापार तनावों के बीच भी घटती ब्याज दर, घटती महंगाई और घरेलू अर्थव्यवस्था के दम पर भारत की अर्थव्यवस्था 6.5 फीसदी की दर से बढ़ते हुए दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। 2025 में यद्यपि दुनिया में आर्थिक अनिश्चितता और व्यापार नीति में बदलाव के कारण विकास दर घटकर सिर्फ 2.3 फीसदी रह सकती है। पूरे दक्षिण एशिया में विकास दर 5.6 फीसदी रहने की संभावना है। कुछ देश जैसे पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका भारी कर्ज और महंगे खाद्य पदार्थों के चलते दबाव में रह सकते हैं, लेकिन टैरिफ चुनौतियों के बीच भी भारत में आर्थिक वृद्धि जारी रहेगी, क्योंकि सरकार सार्वजनिक खर्च को बढ़ा रही है और रिज़र्व बैंक ने ब्याज दर में कटौती की है। इससे न केवल घरेलू खपत को सहारा मिलेगा, बल्कि निजी निवेश में भी उछाल आने की उम्मीद है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पाकिस्तान से युद्ध के माहौल, टैरिफ की चुनौतियों और अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध के बीच भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था भारत की शक्ति बन गई है। भारत अपने मजबूत स्थानीय और घरेलू बाजार से किसी भी आर्थिक झटके का सामना करते



हुए आगे बढ़ने की संभावना रखता है। इस समय छह महत्वपूर्ण आधार भारत की घरेलू आर्थिकी को मजबूती देते हुए दिखाई दे रहे हैं। इनमें घटती महंगाई, घटती ब्याज दर, अच्छा मानसून, बढ़ता शेयर बाजार, मध्यम वर्ग की बढ़ती क्रयशक्ति और ट्रंप के टैरिफ से मुकाबला करने की भारत की कूटनीतिक रणनीति शामिल है। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) महंगाई और ब्याज दर में संतुलन बनाए रखने की नीति पर लगातार आगे बढ़ रहा है।

9 अप्रैल को आरबीआई ने रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती करते हुए इसे 6 फीसदी कर दिया है। साथ ही अब रिजर्व बैंक की आगामी बैठक में ब्याज दरों में अधिक कटौती की उम्मीदें मजबूत हो गई है। अब तक ब्याज दरें अधिक होने से उपभोक्ता कर्ज लेने से पीछे हट रहे थे और कर्ज की अधिक लागत से उद्यमी भी विस्तार की योजनाओं के लिए तत्परता नहीं दिखा रहे थे। ऐसे में नए फैसलों से लोगों की क्रयशक्ति और खपत बढ़ने से विकास दर को गति दी जा सकेगी। निसंदेह देश में आर्थिक गतिविधियों में तेजी के जोरदार संकेत विकास दर को बढ़ाने वाले सकारात्मक संदेश हैं। भारत का शेयर बाजार दूसरे देशों की तुलना में बढ़ने की प्रवृत्ति दिखा रहा है। रुपया मजबूत हो रहा है। निर्यात बढ़ रहे हैं। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट है। सरकार के पूंजीगत खर्च बढ़ने से भी अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है। देश के कोने-कोने में घरेलू बाजार को मेक इन इंडिया अभियान से शक्ति मिल रही है। लम्बे समय तक दूसरे देशों से बड़ी संख्या में आयातीत कई औद्योगिक उत्पाद देश में ही बनाए जा रहे हैं। लगातार स्थानीय उत्पादों के उपयोग और स्थानीय श्रम को अच्छे मूल्य पर जोर दिए जाने जैसे अभियान से शहरों से गांवों तक स्वदेशी सामान की खरीदी में जोरदार उछाल आया है। चीन से त्योहारी उत्पादों के आयात में कमी के साथ-साथ खिलौनों जैसी वस्तुओं के आयात में भी सराहनीय कमी आई है। इस समय देश के मध्यम वर्ग की बढ़ती क्रयशक्ति भी आर्थिकी के लिए अहम है। मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 के बजट के माध्यम से टैक्स में कटौती और वित्तीय प्रोत्साहनों से मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति बढ़ाकर मांग में वृद्धि करके अर्थव्यवस्था को गतिशील करने के अभूतपूर्व प्रावधान किए गए हैं। इन सबके साथ-साथ भारत ट्रंप के टैरिफ की चुनौती के मुकाबले के लिए आर्थिक कूटनीति के साथ आगे बढ़ा है।

निसंदेह भारत दमदार आर्थिकी तैयार करते हुए आगे बढ़ रहा है। ऐसे में सरकार के द्वारा घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए कुछ और बातों पर ध्यान दिया जाना लाभप्रद होगा। भारत में आत्म निर्भरता की नीति और वोकल फॉर लोकल मंत्र को बढ़ाना होगा। इससे स्थानीय और घरेलू बाजार तेजी से आगे बढ़ेंगे। जीएसटी में सरलता, निवेश के लिए अधिक अनुकूल माहौल, कुशल बुनियादी संरचना, लॉजिस्टिक लागत में कमी, गतिशक्ति योजना का तेज क्रियान्वयन, व्यवसाय करने की प्रक्रिया की सरलता जैसे रणनीतिक कदमों से भारत के घरेलू बाजार की चमक बढ़ाई जा सकेगी। अब टैरिफ संरक्षण की बजाय वैश्विक प्रतिस्पर्धा, अनुसंधान व विकास (आरएंडडी) के साथ ही कृषि तथा श्रम सहित अन्य सुधारों के क्रियान्वयन पर ध्यान देना होगा। चूंकि अमेरिका ने चीन से अपने देश में आने वाले उत्पादों पर ज्यादा शुल्क लगा दिया है, ऐसे में भारत की ओर चीनी सामान की डंपिंग शुरू हो गई है। इसे देखते हुए विभिन्न क्षेत्रों के भारतीय उद्यमियों की घरेलू बाजार में चीनी सामान की 'डंपिंग' को लेकर चिंताओं पर ध्यान देना होगा। ऐसे विभिन्न रणनीतिक कदमों से भारत की घरेलू आर्थिकी और मजबूत बनेगी तथा ऐसे में पाकिस्तान के साथ युद्ध की स्थिति में भारत की घरेलू आर्थिकी भारत के लिए एक प्रभावी हथियार बनेगी।

## जयंती विशेष

श्वेता गोयल



# महाकवि सूरदास के गीतों में बसी है भक्ति की चमक

भारतीय साहित्य के विशाल आकाश में भक्तिकाल एक ऐसा युग रहा है, जिसने न केवल धार्मिक चेतना को जागृत किया बल्कि भाषा, भाव और लोकसंस्कृति को भी नई ऊंचाइयां प्रदान की। इस युग में कई संत-कवि हुए, जिन्होंने अपने जीवन और काव्य से समाज को भक्ति, प्रेम और मानवता की राह दिखाई। इन्हीं महान संत कवियों में योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण के परम उपासक, भक्तिकाल के महाकवि, महान संत सूरदास जी का स्थान सर्वोच्च है। सूरदास केवल एक कवि नहीं थे, वे एक ऐसे भाव-सम्राट थे, जिन्होंने हिन्दी काव्य को भाव, भाषा और भक्ति की त्रिवेणी से अभिसिंचित किया। हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को सूरदास जयंती मनाई जाती है और इस वर्ष यह 2 मई को मनाई जा रही है। सूरदास जयंती केवल एक कवि के जन्म की स्मृति नहीं है बल्कि उस प्रेमधारा का उत्सव है, जो उन्होंने अपने शब्दों से प्रवाहित की थी। सूरदास का जन्म 1478 ईस्वी के आसपास एक ब्राह्मण परिवार में हुआ माना जाता है। उनके जन्मस्थान को लेकर कई मत हैं लेकिन अधिकांश विद्वान मानते हैं कि उनका जन्म उत्तर प्रदेश के रुनकता या सीही नामक स्थान पर हुआ था। यह भी कहा जाता है कि वे जन्म से अंधे थे, हालांकि कुछ विद्वानों का मत है कि उन्होंने युवावस्था में दृष्टि खोई। तथ्य चाहे जो भी हो, यह निर्विवाद सत्य है कि सूरदास ने अपने भीतर जो दृष्टि अर्जित की थी, वह सामान्य दृष्टि से कहीं अधिक तीव्र और व्यापक थी। उन्होंने जो देखा, वह आंखों से नहीं, हृदय से देखा। उन्होंने



जो अनुभव किया, वह आत्मा से किया और उन्होंने जो रचा, वह कालातीत बन गया। सूरदास की ख्याति विशेष रूप से उनके कृष्णभक्ति पर आधारित काव्य के कारण है। उन्होंने बालकृष्ण की लीलाओं को जिस प्रकार चित्रित किया है, वह भारतीय साहित्य में अद्वितीय है। बाल गोपाल के जन्म से लेकर उनके यशोदा से नटखट संवाद, गोपियों के साथ रास, माखन चोरी, और राधा-कृष्ण के प्रेम का जो भावनात्मक और सौंदर्यपूर्ण वर्णन सूरदास ने किया है, वह केवल वर्णन नहीं बल्कि अनुभूति है। यह वह अनुभूति है, जिसे पढ़ते हुए पाठक स्वयं उस संसार में प्रवेश कर जाता है, जहां गोविंद हैं, गोपियां हैं, यमुना का तट है, वृंदावन का कुंज है और वहां एक दिव्य प्रेम का आलोक फैला हुआ है। महाकवि सूरदास एक महान कवि और संगीतकार थे, जिन्होंने कान्हा की भक्ति में कई गीत, दोहे और कविताएं लिखी। वे अपनी कविताओं, गीत और दोहों के लिए ही प्रसिद्ध हुए। सूरदास के भक्तिमय गीत आज भी हर किसी को मोहित करते हैं। सूरसागर, सूरसावली, साहित्य लहरी, नल दमयंती और ब्याहलो सूरदास जी की प्रमुख रचनाएं हैं। सूरदास की भाषा ब्रजभाषा थी, जो उस समय केवल लोक की भाषा मानी जाती थी लेकिन सूरदास ने इस भाषा को वह गरिमा प्रदान की कि वह हिन्दी साहित्य की मुख्यधारा बन गई। उनकी रचनाओं में ब्रजभाषा की मिठास, उसकी लयात्मकता और भाव सम्प्रेषण की क्षमता को नए आयाम मिले। उनका काव्य सरल होते हुए भी अत्यंत गहन है। उसमें कहीं भी दुरूहता नहीं है, न ही दार्शनिक भारीपन। वह सीधा हृदय को स्पर्श करता है। सूरदास के काव्य का सबसे प्रमुख संग्रह 'सूरसागर' है, जिसमें कृष्ण की बाल लीलाओं से लेकर उनके प्रेम प्रसंगों तक का सुंदर वर्णन मिलता है। सूरसागर केवल एक काव्य ग्रंथ नहीं बल्कि एक ऐसा आध्यात्मिक ग्रंथ है, जिसमें भक्ति, प्रेम, दर्शन और मानवीय भावनाओं की समस्त छवियां एकत्रित हैं। उनके पदों में लोक और लीलाओं का अद्भुत सामंजस्य है। एक ओर वे कृष्ण को बालक के रूप में गोदी में खेलते दिखाते हैं तो दूसरी ओर वे उन्हें ब्रह्म का साक्षात रूप बताते हैं। यह द्वंद्व ही सूरदास की काव्य शक्ति का प्रमाण है। कहा जाता है कि श्रीकृष्ण के परम भक्त सूरदास बचपन से संत प्रवृत्ति के थे। इन्हें गाने की कला वरदान स्वरूप मिली थी और अपनी गायन की कला के चलते ही वे जल्द ही प्रसिद्ध हो गए। उसके बाद वे आगरा के पास गऊघाट पर रहने लगे। वहीं उनकी मुलाकात वल्लभाचार्य जी से हुई। वल्लभाचार्य ने ही सूरदास जी को पुष्टिमार्ग की दीक्षा दी और श्रीकृष्ण की लीलाओं का दर्शन करवाया। वल्लभाचार्य ने इन्हें श्रीनाथ जी के मंदिर में लीला गान का दायित्व सौंपा, जिसे सूरदास जी जीवन पर्यंत निभाते रहे। महाकवि सूरदास हमारे लिए केवल अतीत की विभूति नहीं, वर्तमान का प्रकाश और भविष्य की दिशा हैं।

(लेखिका शिक्षण क्षेत्र से जुड़ी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है



संकलित

## दर्शन

परिवार में कोई बीमार हो तो दूसरे व्यक्ति के शरीर पर भी असर होता है। अगर बच्चों का विवाह नहीं हुआ है, अच्छा लड़का या लड़की नहीं मिली है, पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाए हैं तो इन पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। हमें वैराग लेकर भगवान को नहीं पाना है। बल्कि हम जहां हैं, वहां रहकर भगवान को ऊपर से नीचे उतारना है। भगवान उतरते हैं। दशरथ के घर उतरे हैं, वासुदेव की जेल में उतरे हैं। हम वैराग लेकर उन्हें ऊपर खोजने जाएं, यह भी एक गति है, लेकिन क्यों न हम एक एक पारिवारिक दायित्व पूरा करते-करते उन्हें नीचे बुला लें। हम नरसिंह मेहता नही है। हम मीरा और भर्तृहरि नहीं हैं। मनु और शतरूपा ने वैराग का पथ लिया तो भी परिवारिक दायित्व को पूरा किया। भजन का मतलब यह नहीं कि आप सबको नजरअंदाज करें, सबकी उपेक्षा करें। भजन में पारिवारिक स्वास्थ्य आवश्यक है। आत्मा की तंदुरुस्ती के विषय में मैं खुलासा कर दूं कि आत्मा बीमार नही है। मन बीमार हो सकता है, आत्मा कहां बीमार होती है। जैसे सूरज तंदुरुस्त है, लेकिन बादल से आवृत्त होने पर सूरज दिखना बंद हो जाता है। वैसे ही स्थिति हमारी आत्मा की है। जैन परंपरा कहती है कि आत्मा पर कई तरह के कशाय के बादल छा जाते हैं। इसी रूप में आत्मा अस्वस्थ नहीं हो सकती। आत्मा बूढ़ी नहीं हो सकती। शरीर जन्म लेता है, आत्मा जन्म नहीं लेती। ये तो सीधी-सी बात है।

# तुलसीदास जी द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा




संकलित

## प्रेरणा

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गयी और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था: राम राम! श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। फिर उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद पवाया, जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितो ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा वह उपाय कहिये? इसपर ब्राह्मणों ने कहा: यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहाँ शर्त रखी गयी थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा: हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिये। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया। इस चमत्कार को देखकर सभी श्री रामचंद्र जी की एवं रामनाम की जय जयकार करने लगे और श्रीतुलसीदास जी की नामनिष्ठा पर बलिहार हो गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पूरा प्रतिपक्ष सरकार के साथ है


पहलगाम पर पाकिस्तानी उग्रवादियों के हुए हमले के विषय में लगभग समस्त भारत प्रधानमंत्री और भारत सरकार के साथ एकमत होते हुए साथ खड़ा है। लगभग सारा इंडिया गठबंधन भी केंद्र सरकार के साथ रहकर हर समर्थन और सहयोग करने को एकदम तैयार है। इन विशिष्ट हालात में स्थानीय नेताओं द्वारा कोई भी विवादास्पद और अप्रिय बयान कभी नहीं दिए जाने चाहिए। ऐसी बातें राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को बदनाम और असहज ही करती हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के देश के सबसे बड़े नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने अपना स्पष्ट मत देश के सामने रख दिया है। लोकसभा और राज्यसभा के प्रतिपक्ष के सभी नेताओं ने भी प्रधानमंत्री का इस विषय में पूरा समर्थन कर दिया है, तो स्थानीय नेताओं को भी भ्रामक और विवादास्पद बातें कहने-लिखने से परहेज करना होगा।

*- प्रकाश गुप्ता, भाटापारा*

## करंट अफेयर

# रूस के लिए लड़ते उ. कोरिया के 4700 सैनिक मारे गए

दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने सांसदों को बताया कि अनुमान है कि रूस के साथ मिलकर यूक्रेनी सेना के खिलाफ लड़ते हुए उत्तर कोरिया के 4,700 सैनिक मारे गए या घायल हुए हैं। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी के इस आकलन से दो दिन पहले उत्तर कोरिया ने पहली बार पुष्टि की थी कि उसने रूस को कुर्स्क क्षेत्र के कुछ हिस्सों पर फिर से कब्जा करने में मदद करने के लिए अपने लड़ाकू सैनिकों को भेजा था, जिस पर पिछले साल अचानक यूक्रेन के घुसपैठ के कारण रूस का नियंत्रण खत्म हो गया था। बैठक में भाग लेने वाले सांसदों में से एक ली सेओंग क्वेउन के अनुसार, दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा ने बंद कमरे में संसदीय समिति की बैठक में कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के मोर्चे पर उत्तर कोरिया के 600 सैनिक मारे गए और 4,700 सैनिक हताहत हुए हैं। ली ने संवाददाताओं को बताया कि एनआईएस ने कहा कि जनवरी और मार्च के बीच घायल 2,000 उत्तर कोरियाई सैनिकों को हवाई मार्ग से या ट्रेन से उत्तर कोरिया वापस भेजा गया। उन्होंने एनआईएस का हवाला देते हुए कहा कि युद्ध में मारे गए उत्तर कोरियाई सैनिकों का अंतिम संस्कार रूस में किया गया था, उसके बाद उनके अवशेष वापस घर भेजे गए।



## ऑफ बीट

# सिक्स-पैक एब्स हासिल करना कठिन क्यों है

बहुत से लोग कुछ ऐसा हासिल करने की उम्मीद में जिम जाना शुरू करते हैं, जिसे लंबे समय से स्वास्थ्य और फिटनेस के पैमाने के रूप में देखा जाता रहा है और वह हैं सिक्स-पैक एब्स अर्थात पेट की उभरी हुई मांसपेशियां। किसी भी मांसपेशी के निर्माण के लिए, आपको उच्च प्रोटीन युक्त आहार खाने के साथ-साथ नियमित रूप से वजन प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। वजन प्रशिक्षण मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण नामक प्रक्रिया को बढ़ावा देकर काम करता है। चूंकि प्रोटीन हमारी मांसपेशियों के निर्माण खंड हैं, मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण यह सुनिश्चित करता है कि पुराने प्रोटीन जो टूट जाते हैं और हटा दिए जाते हैं, उन्हें बदलने के लिए लगातार नए प्रोटीन बनाए जा रहे हैं। जब आप प्रोटीन युक्त भोजन खाते हैं तो मांसपेशियों में प्रोटीन संश्लेषण भी बढ़ जाता है। लेकिन यदि आप पहले से कुछ वजन प्रशिक्षण करते हैं, तो यह वृद्धि अधिक होगी और यदि आपने कोई व्यायाम नहीं किया है तो उसकी तुलना में लंबे समय तक रहेगा। यदि आप वजन प्रशिक्षण करते हैं और प्रति भोजन कम से कम 20 ग्राम प्रोटीन खाते हैं, तो यह मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण को अधिकतम करता है।



## ट्रेंड

### महाराष्ट्र दिवस



भारत के विकास में हमेशा अहम भूमिका निभाने वाले राज्य महाराष्ट्र के लोगों को महाराष्ट्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। जब महाराष्ट्र के बारे में सोचते हैं तो इसका गौरवशाली इतिहास और लोगों का साहस हमारे दिमाग में आता है। यह राज्य प्रगति का एक मजबूत स्तंभ बना हुआ है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**


### 'जातीय जनगणना' सही



देश में मूल जनगणना के साथ ही 'जातीय जनगणना' कराने का केन्द्र सरकार द्वारा लिया गया फैसला काफी देर से उठाया गया सही दिशा में कदम है। बीएसपी इसकी माँग काफी लम्बे समय से करती रही है।

**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**


### क्या यही है लोकतंत्र



सरकार ने 4 पीएम जैसे नेशनल चैनल को बिना किसी कारण बंद करवाकर ये साफ़ कर दिया है कि उसे जनता के सवालों से डर लगता है। क्या यही है 'लोकतंत्र'? मीडिया को दबाना मतलब जनता की आवाज़ को कुचलना है।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

### सार्थक तरीका अपनाएं



शासन का मतलब सिर्फ़ सत्ता नहीं बल्कि करुणा से शुरू होता है, हमारे आस-पास के संघर्षों को देखने की इच्छा से, उनसे इस तरह जुड़ने की इच्छा से जैसे कि वे हमारे अपने हों, और उन्हें संबोधित करने के लिए सार्थक तरीके से कार्य करें।

**-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल पुरस्कार विजेता**

## पंद्रह दिवसीय विशेष खाद्य सुरक्षा अभियान के अंतर्गत हुई कार्यवाही

### बानसूर कस्बे में खाद्य गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु लिए सैंपल

मरूधर विशेष

**बानसूर सुरेश कुमार सैनी** बानसूर।आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक, अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष सिंह शेखावत के निर्देशानुसार पंद्रह दिवसीय विशेष खाद्य सुरक्षा अभियान के अंतर्गत गुरुवार को बानसूर कस्बे में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच हेतु सैंपलिंग की कार्यवाही की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि कार्यवाही के दौरान कुल 8 खाद्य सैंपल लिए गए, जिनमें मेसर्स नायरा एंटरप्राइजेज, बानसूर से आइसक्रीम एवं कुल्फी, मेसर्स बालाजी आइसक्रीम पार्लर से हैवमोर ब्रांड की दो आइसक्रीम के सैंपल, मेसर्स मोगर मेगा मार्ट से घी एवं शरबत तथा चंदवाली रोड स्थित मेसर्स मितांश मावा मिष्ठान भंडार से पनीर एवं मावा के सैंपल शामिल हैं। सभी लिए गए सैंपल्स को खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, जयपुर भेजा गया है। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी शशिकांत शर्मा एवं नेहा शर्मा सहित संबंधित उपस्थित रहे।



बूंदी ज़िले केशोरायपाटन सुनील मेघवाल संवाददाता

## केशोरायपाटन सदस्यता करने विद्यालयों में पहुंचे प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री

मरूधर विशेष

**राजस्थान** शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा के. पाटन के सदस्यता अभियान में संगठन के प्रदेश अतिरिक्त महामंत्री और बूंदी जिले के प्रभारी योगेश शर्मा ने पहुंचकर नगर के विद्यालयों में जाकर शिक्षकों को सदस्यता ग्रहण करवाई जिला सभाध्यक्ष और उपशाखा के. पाटन के प्रभारी अनिल सामरिया ने बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की प्रदेश कार्यकारिणी के द्वारा सदस्यता अभियान हेतु 1 मई से 14 मई तक की अवधि निर्धारित की है किंतु जिला कार्यकारिणी ने जिलेभर की सदस्यता को महज 3 दिन में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा है। इसी क्रम में के.पाटन उपशाखा के अध्यक्ष अंकित गौतम के नेतृत्व में उपशाखा कार्यकारिणी और संकुल संयोजकों ने सदस्यता अभियान के प्रथम दिवस में ही उपशाखा की संपूर्ण सदस्यता कर कीर्तिमान स्थापित किया है। उपशाखा के मंत्री विजय मिलिंद ने बताया कि प्रदेश प्रभारी एवं जिला प्रभारी ने के.पाटन उपशाखा में सर्वप्रथम राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय राजराजेश्वर रोड में मां सरस्वती का वंदन करके शिक्षकों को सदस्यता ग्रहण करवा कर अभियान का शुभारंभ किया प्रदेश शैक्षिक प्रकोष्ठ के सदस्य तुलसीराम नामा ने कहा कि सामाजिक सरोकार के कार्य भी संगठन का करता आया है। संगठन के पूर्व अध्यक्ष नवीन मूंदड़ा ने कहा कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केपाटन में पुलिस उपाध्यक्ष आशीष भार्गव द्वारा राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के परिवार के साथ बेजुबान परिंदों को गर्मी में राहत प्रदान करने के उद्देश्य से परिंडे लगाए महिला इकाई की जिला संगठन मंत्री मनीषा कुमावत ने बताया कि राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय केवल शिक्षकों की समस्याओं को ही नहीं बल्कि समाज की समस्याओं के निराकरण के भी प्रयास करता है। संगठन के पूर्व अध्यक्ष बजरंगलाल मेघवाल ने कहा कि संगठन सामाजिक समरसता को लेकर चलता है और केवल अधिकारों की ही नहीं अपितु कर्तव्यों की भी बात करता है इसीलिए शिक्षक संगठन के प्रति आस्था और विश्वास रखते हैं। सदस्यता महाभियान के दौरान पूर्व जिला कार्यकारिणी के सदस्य सुखबीर सिंह कराड, दुर्गा शंकर पांचाल,योगेंद्र शर्मा, नवीन ईनाणी योगेश शर्मा सत्य प्रवीण पांडे, गोपाल बैरागी, दीपेंद्र गौतम, हेमराज पांचाल नरोतम गौतम विजयशेखर शर्मा सदानंद मीणा रामेश्वर सैनी शुभांगिनी राठौर ,पुष्प लता अंजू खींची रेणु शर्मा आशा शर्मा रुक्मिणी शर्मा ललतेश नागर आदि शिक्षकों ने सहयोग प्रदान किया





## सरकारी स्कूल और राशन डीलर कि दुकान पर चोरों का धावा

मरूधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** बावलिया पाड़ा पंचायत के गांव बावलियां पाड़ा के फला राजकीय प्राथमिक विद्यालय खुराफला में गत रात्रि को चोरों ने स्कूल के ताले तोड़कर पोषाहार कक्ष से करीब तीन क्विंटल गेहूं ले गए। स्कूल के प्रधानाध्यापक विनोद डामोर ने इस संबंध में पाटन थाने में पोषाहार चोरी की रिपोर्ट लिखवाई है। पाटन थाना पुलिस अधिकारियों ने आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। विनोद जी बताते हैं कि इस क्षेत्र में यानी बावलीया पाड़ा गांव में पहले भी करीब 25 दिसंबर 2024 में सीनियर स्कूल बावलिया पाडा में ऑफिस के ताले तोड़कर लैपटॉप/ कंप्यूटर ले गए थे। इसके बाद राशन डीलर की दुकान से भी पूर्व में 75 क्विंटल गेहूं चोर ले गए। इस संबंध में भी रिपोर्ट पहले दर्ज करवाई थी लेकिन आज दिनांक तक चोरों का कोई अता-पता नहीं लगा पाए। पाटन थाना पुलिस कि लापरवाही या उक्त चोरियों को लेकर ध्यान नहीं देने की वजह से चोरों के हौसले बुलंद है। आए दिन सरकारी संस्थानों पर ताले तोड़कर इस तरह के छोटी मोटी चोरीयों को अंजाम दे रहे हैं।थाने वाले आश्वासन तो देते हैं लेकिन अभी तक उसके ऊपर उचित कार्रवाई नहीं हुई। क्षेत्र में यह अब तक की तीसरी बड़ी घटना हुई है। ये जानकारी लालसिंह मईडा ने दी।



## राज्यपाल महोदय को भागवत कथा का निमंत्रण



मरूधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा प्रतापगढ़:** यहां 9 मई से 15 मई तक प्रतापगढ़ के रोकडिया हनुमानजी मे ध्यान योगी महर्षि उत्तम स्वामी जी महाराज भागवत कथा करेंगे। इसकी तैयारिया जोर शोर से चल रही है आज राज्यपाल महोदय हरिभाउ बागडे को रोकडिया हनुमानजी मंदिर ट्रस्ट और गुरु भक्त मंडल द्वारा कथा का निमन्त्रण दिया गया। साथ ही गुरूदेव उत्तम स्वामी जी महाराज की जीवनी पुस्तक--" सिद्धयोगी "भेट की द्य यह जानकारी गुरु भक्त मंडल के चन्द्र शेखर मेहता ने दी और बताया कि इस अवसर पर रवि सोनी सत्यनारायण चौधरी भंवर लाल व्यास विमल बंसल ओमटाक अंतरिक्ष मेहता अजय पवार मुकेश भावसार आदि उपस्थित थे

## राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत गिव-अप अभियान

### 200 को नोटिस जारी, स्वैच्छा से गिव अप करने के लिए किया प्रेरित

### विभागीय अधिकारियों ने 56 जगह किये निरीक्षण

मरूधर विशेष

**कोटपूतली,** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गो के उत्थान के लिये कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि अंतिम पक्ति में खड़े लोगों को सरकारी योजनाओं से जोडकर लाभान्वित किया जायें, ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। मुख्यमंत्री एवं खाद्य मंत्री के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में निर्धारित मापदण्ड राजस्थान खाद्य सुरक्षा नियम 2013 अनुसूची-1 में ऐसे परिवार जिसमें कोई आयकर दाता हो, ऐसे परिवार जिसका कोई सदस्य सरकारी/ अर्द्धसरकारी/ स्वायत्तशासी संस्था में कर्मचारी हो, एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो एवं परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रैक्टर आदि जीविकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोडकर) निष्कासन सूची में शामिल है। जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा ने बताया कि अभियान के तहत 01 नवम्बर 2024 से प्रारम्भ गिव अप अभियान में अभी तक राजस्थान में 17.63 लाख व्यक्तियों ने स्वैच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा तथा जिला कोटपूतली-बहरोड़ में 6640 व्यक्तियों ने गिव अप किया। उन्होंने बताया कि गिव अप अभियान में कोटपूतली-बहरोड़ में 200 अपात्र लोगों को नोटिस जारी किये गये, जिनसे वसूली की कार्यवाही की जायेगी। अभियान में जिला रसद अधिकारी, कोटपूतली-बहरोड़ एवं प्रवर्तन निरीक्षक, विश्राम गुर्जर, सन्तोष मीना द्वारा पावटा, कोटपूतली, बहरोड़, विराटनगर, बानसूर, नारायणपुर तहसीलों में 56 निरीक्षण किये गये। निरीक्षक के दौरान राशन डीलर्स एवं लाभार्थियों को स्वैच्छा से पात्रता के आधार पर नाम हटवाने के लिये प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि खाद्य विभाग शीघ्र ही परिवहन विभाग से चार पहिया वाहन स्वामी का डाटा संकलित कर खाद्य सुरक्षा में चयनित अपात्र लोगों को नोटिस जारी करेंगे और वसूली की कार्यवाही की जावेगी।

## आमजन को गर्मी से राहत पहुँचाने के लिये की छाया व पेयजल की व्यवस्था

मरूधर विशेष

**कोटपूतली,** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल के निर्देश पर गर्मी के मद्देनजर स्वायत शासन विभाग द्वारा बस स्टैंड पर खड़े यात्रियों व सार्वजनिक स्थानों पर आमजन के लिये उचित छाया व पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। कोटपूतली एवं पावटा बस स्टैंड सहित विभिन्न स्थानों पर शेड नेट लगाकर तपती धूप से आमजन को राहत देने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही पानी के मटके लगाकर शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाया जा रहा है। जिससे की गर्मी में आमजन को राहत मिल सके। जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम में तपती धूप से आमजन को राहत देने हेतु आवश्यक स्थानों पर छाया व पेयजल की व्यवस्था की जायें। साथ ही नियमित इनके रखरखाव व पेयजल आपूर्ति हेतु संबंधित को पाबंद किया जायें। आमजन ने जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे राहत कार्यों को सराहा है। जिला कलक्टर ने पीएचईडी अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम को देखते हुये जिले में निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें एवं टैंकर, ट्यूबवेल, हैंडपंप की आवश्यक व्यवस्थायें माकूल रखें। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति के निर्देश देते हुये प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने को कहा। जिला कलक्टर ने समस्त अधिकारियों को अपने कार्यालयों में बेजुबान पक्षियों हेतु परिंडे लगाने व पशुओं हेतु खेलियों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही उक्त कार्यों में आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिये उन्हें प्रेरित करने के निर्देश भी दिये।



## एमबीडी महाविद्यालय में विश्व श्रमिक दिवस पर श्रमिकों का सम्मान



मरूधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** मामा बालेश्वर दयाल राजकीय महाविद्यालय, कुशलगढ़ में 1 मई को विश्व श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य महेन्द्र कुमार देपन द्वारा की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात् महाविद्यालय परिसर में कार्यरत समस्त श्रमिकों का माल्यार्पण व पुष्पवर्षा कर आत्मीय सम्मान किया गया। प्राचार्य महोदय ने अपने उद्बोधन में श्रमिकों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रमिक समाज का आधार स्तंभ है। एक छोटी सी सुई से लगाकर बड़ी ईमारतों के निर्माण में श्रमिक सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है।किसी भी संस्था की नींव उसके श्रमिक होते हैं। उनकी सतत निष्ठा, परिश्रम एवं समर्पण के बिना किसी भी संस्था की प्रगति की कल्पना नहीं की जा सकती। श्रमिक दिवस हमें श्रम के सम्मान एवं श्रमिकों के अधिकारों की याद दिलाता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त आचार्य गण,गैर-शिक्षण कर्मचारी,विद्यार्थी तथा श्रमिकगण उपस्थित रहे। सभी ने श्रमिकों को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके प्रति आभार प्रकट किया। सभी ने? श्रम? ही शक्ति है , श्रम सफलता की कुंजी है का उद्घोष किया। इस अवसर पर श्रमिकों के लिए महाविद्यालय प्रशासन द्वारा गन्ने के रस एवं स्वल्पाहार (नाश्ता) की विशेष व्यवस्था की गई, जिससे आपसी सौहार्द एवं सम्मान की भावना प्रकट हुई। ये जानकारी प्राचार्य महेन्द्र कुमार देपन ने दी।

## पंडित रामचंद्र डोंगरे महाराज की प्रतिमा का अनावरण

मरूधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा रतलाम प्रतापगढ़:** पंडित रामचंद्र डोंगरे महाराज की प्रतिमा का अनावरण गुरुदेव ध्यान योगी महर्षि उत्तम स्वामी जी महाराज के सानिध्य में किया गया। इस समारोह में प्रतापगढ़ से गुरूदेव उत्तम स्वामी जी महाराज भक्त मंडल के कई सदस्य सम्मिलित हुए द्य त्रिवेणी तट पर कल राष्ट्रीय संत भागवत कथाकार ब्रह्मलीन पंडित रामचंद्र डोंगरे महाराज की प्रतिमा का अनावरण महर्षि उत्तम स्वामीजी के सानिध्य में हुआ। साथ ही यहां पर शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। श्रीबद्रीनारायण ट्रस्ट के तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में मुख्य यजमान ममता अनिल झालानी रहे। मूर्ति अनावरण के लिए हवन-पूजन पंडित संजय ओझा के मार्गदर्शन में किया गया। साथ ही मंदिर स्थल में शिव पंचायत की प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। मंदिर पर कलश स्थापना भी की गई। महर्षि उत्तम स्वामी महाराज ने कहा कि ईश्वर के साथ संवाद करने के भाव डोंगरे महाराज के थे द्य संत ही इस जगत में ईश्वर के कृपावंत है- वह महापुरुष डोंगरे जी महाराज हैं। जिसका मार्ग ही परमार्थ हो, ईश्वरीय हो जिनका अपना वर्ग सब में है द्य ऐसे हमारे डोंगरे महाराज हैं। डोंगरे महाराज की प्रतिमा अनावरण करके आप लोगों ने श्रीबद्री नारायण के चरणों में अपना नाम लिखवा दिया है। जब भी संत की प्रतिष्ठा होती है पृथ्वी,प्रकृति और समाज मैं बड़ी प्रसन्नता होती है। सात दिनी कथा के समापन पर स्वामी जी ने सभी को आशीर्वाद दिया। परमात्मा की भक्ति ही मोक्ष प्राप्ति का उपाय है... सात दिनी श्रीमद भागवत कथा के विश्राम पर गुरुदेव उत्तम स्वामी जी ने कहा कि परमात्मा के परमार्थ की समाप्ति नहीं होती सिर्फ कथा का विराम होता है। नारायण किसी के प्रभाव से नहीं आते, नारायण तो बस प्रेम भाव में आते हैं। परमात्मा की भक्ति ही मोक्ष प्राप्ति का उपाय है। कलयुग में भगवान का स्मरण ही सुरक्षा का उपाय है।आप लोग एक नियम लें कि प्रतिदिन कुछ समय के लिए राम नाम का जाप करें द्य साथ ही बच्चों को धार्मिक संस्कार प्रदान करें। विश्रांति दिवस पर श्रीकृष्ण चरित्र का संपूर्ण वर्णन शिशुपाल जरासंध जामवंत और कृष्ण युद्ध जामवंत एवं कृष्ण संवाद भगवान दत्तात्रेय की कथा सुदामा चरित्र का रसपान धर्मालुजनों को कराया। राजा परीक्षित मोक्ष के साथ कथा का विश्राम हुआ द्य कथा विश्राम पर ट्रस्ट द्वारा गुरुदेव का सम्मान कर अभिनंदन-पत्र दिया। अंत में गुरुदेव उत्तम स्वामी ने बांसुरी वादन द्वारा सुमधुर भजन प्रस्तुत किया। गुरु भक्त मंडल, प्रतापगढ़ सहित बड़ी संख्या में धर्मालुजन मौजूद रहे। इससे पूर्व गुरूदेव उत्तम स्वामी जी महाराज की कथा जयपुर में आयोजित हुई जहां 11000 माता - बहीनो ने कलश यात्रा निकाली।मुख्य मंत्री राजस्थान भजन लाल शर्मा ने कथा श्रवण की । पूजन, आरती की। गुरूदेव को निवास पर आमंत्रित कर मुख्यमन्त्री भजनलाल शर्मा ने कई मंत्रीगण बालमुकुंदाचार्य विधायको शासन सचिव अधिकारियो की उपस्थिति मे स्वागत सम्मान किया द्य गुरू भक्त मंडल के चन्द्र शेखर मेहता ने ये जानकारी दी और बताया कि कल महर्षि उत्तम स्वामी जी महाराज 2 मई को बांसवाड़ा मे परशुरामजी जन्मोत्सव समारोह मैं आशीर्वाद उद्बोधन देंगे। इसके बाद 9 मई से प्रतापगढ़ के रोकडिया हनुमानजी मे भागवत कथा करेंगे। इसकी तैयारिया जोर शोर से चल रही है आज राज्यपाल महोदय हरिभाउ बागडे को रोकडिया हनुमानजी ट्रस्ट और गुरु भक्त मंडल द्वारा कथा का निमन्त्रण दिया गया,।साथ ही गुरूदेव उत्तम स्वामी जी महाराज की जीवनी पुस्तक--" सिद्धयोगी "भेट की। जिसमें गुरु भक्त रवि सोनी, सत्य नारायण चौधरी भंवरलाल व्यास विमल बंसल ओमटाक अजय पवार मुकेश भावसार आदि उपस्थित थे



## कठूमर थाना पुलिस ने अवोध बच्ची के साथ लैंगिक कृत्य करने वाले आरोपी को 24 घंटे मे किया गिरफ्तार

मरूधर विशेष

**कठूमर ( दिनेश लेखी )** थाना पुलिस ने एक तीन माह की दुधमुंही बच्ची के गुप्तांगों के साथ छेड़छाड़ करने के बत्तीस साल के आरोपी को मनोहरपुर थाना जयपुर ग्रामीण से गिरफ्तार कर लिया। इस घटना से इलाके में सनसनी फ़ैल गई थी। और सभी ने इस वीभत्स कृत्य की निंदा की है। ज्ञात रहे कि इस आरोपी ने बुधवार सुबह अपने पडौस में दादी के पास खेल रही तीन माह की दुधमुंही बच्ची के गुप्तांग के साथ छेड़छाड़ की जिससे बच्ची के गुप्तांग में खून निकलने लगा। बच्ची को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन हालात सही नहीं होने व होश नहीं आने पर उसे आगे रैफर किया गया। यहां बच्ची की स्थिति में सुधार आया। पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए आरोपी युवक को चौबीस घंटे में धर दबोचा। जानकारी के अनुसार आरोपी दो बच्चों का पिता है। और नशेड़ी प्रवृत्ति का भी है।




## राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागड़े ने प्रतापगढ़ में ली जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक

### जनजातीय क्षेत्र में प्रत्येक पात्र को योजनाओं से जोड़कर मुख्यधारा में करें शामिल : महामहिम राज्यपाल

मरूधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा प्रतापगढ़:** राजस्थान के राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने योजनाओं के समयबद्ध, प्रभावी और परिणामोन्मुखी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में चित्तौड़गढ़- प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र सांसद श्री सी.पी. जोशी, राजस्व मंत्री श्री हेमंत मीणा, जनप्रतिनिधि श्री कन्हैयालाल मीणा एवं श्री गोपाल कृष्णावत महामहिम राज्यपाल के सचिव डॉ. पृथ्वीराज संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी जिला कलक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार बंसल, उप वन संरक्षक हरिकिशन सारस्वत एडीएम विजयेश कुमार पंड्या,जिला परिषद सीईओ श्री पर्वत सिंह सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत में जिला कलक्टर ने जिले का सामान्य परिचय एवं विकास योजनाओं की अद्यतन स्थिति से महामहिम को अवगत कराया। उन्होंने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के जल संरक्षण संरचनाओं जैसे तालाबों, बावड़ियों एवं एनिकटों के निर्माण के निर्देश दिए।महामहिम राज्यपाल ने वनाधिकार अधिनियम जनजाति क्षेत्रीय विकास योजनाओं, राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया मिशन, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आदि की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं और सूचकांकों की समीक्षा करते हुए दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान देने को कहा तथा पोषण कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। उन्होंने शिक्षा को जनजातीय कल्याण का सशक्त माध्यम बताते हुए विद्यालयों एवं छात्रावासों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में प्रत्येक घर तक नल कनेक्शन की पहुंच सुनिश्चित की जाए, साथ ही उनकी कार्यात्मक स्थिति भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों पर शौचालय निर्माण को प्राथमिकता देने, कचरा संग्रहण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा स्वच्छता मानकों का पालन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सांसद एवं विधायक निधियों से संचालित निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर बल दिया। आगमन पर हुआ गरिमामय स्वागत राज्यपाल के प्रतापगढ़ आगमन पर हेलीपैड पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। समीक्षा बैठक के पश्चात सर्किट हाउस में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उनकी अगुवानी की गई। बैठक का शुभारंभ एवं समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



## पेयजल व्यवस्था पर निगरानी के लिए जिला स्तर पर 24 7 कंट्रोल रूम सक्रिय

मरूधर विशेष

**हनुमानगढ़,** । जिले में गर्मी के मौसम को देखते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला मुख्यालय पर 24 7 कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। यह कंट्रोल रूम अधीक्षण अभियंता कार्यालय के अधीन कार्यरत है, जिसका दूरभाष नंबर 01552-260553 है। विभाग ने वृत के अंतर्गत आने वाले सभी उपखंडों में भी कंट्रोल रूम स्थापित किए हैं, जहां आमजन से प्राप्त पेयजल संबंधी शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा रहा है। इसके लिए सभी सहायक अभियंताओं और कनिष्ठ अभियंताओं को निर्धारित समयसीमा में समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं। अधीक्षण अभियंता श्री विजय वर्मा के अनुसार, 1 अप्रैल 2025 से अब तक जिला कंट्रोल रूम में कुल 31 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 20 का समाधान कर दिया गया है, जबकि शेष शिकायतों पर कार्य प्रगति पर है। विभाग का कहना है कि लंबित शिकायतों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

## दिगम्बर जैन हुमड समाज के 72 गांवों में पहला चक्रवर्ती विवाह, धर्म का संदेश

मरूधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा बडोदिया:** जैन समाज के अठारह हजार दिगम्बर जैन दशा हुमड़ समाज के 72 गांवों में पहली बार चक्रवर्ती विवाह हुआ। बडोदिया निवासी अनुज जैन पुत्र संजय जैन ने परतापुर निवासी नेहल जैन पुत्री दीपक जैन से श्री 1008 नेमीनाथ जिनालय परतापुर में विवाह किया। यह विवाह जैनागम में वर्णित परंपरा अनुसार हुआ। विवाह में वर-वधु ने जिन देव की साक्षी में गुरुकुल परंपरा का पालन किया। विवाह से पहले दूल्हे ने घोती दुपट्टे में जिन मंदिर में श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा और पंच परमेष्ठी विधान किया। इसके बाद अग्नि की साक्षी में सात फेरे लिए। इस सादगीपूर्ण विवाह से समाज को धर्म और संस्कारों के पालन का संदेश दिया गया। विधान जैन और लक्ष्य जैन ने बताया कि यह विवाह कूलगुरु तीर्थ चक्रवर्ती मुनि पुंगव 108 श्री सुधासागर जी महाराज और आर्यिका माँ विज्ञानमति माताजी के आशीर्वाद से हुआ। इस विवाह का उल्लेख आदि पुराण में भी मिलता है। विवाह में महिपाल जैन नितिन जैन राजेश जैन रेणुका जैन शकुंतला देवी जैन पयांशी जैन सीमा जैन, रीना जैन युक्ति जैन मिठालाल जैन लक्ष्?मीलाल जैन मगनलाल जैन सागरमल जैन सुर्यकरण जैनचंद्रकांत जैन सतीश जैन अरविंद जैन राजेन्?द्र जैन मुकेश जैन अशोक जैन चंद्रकांत जैन संजीव तलाटी राजकुमार जैन सहित केवीबी परिवार और बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।विवाह के दिन वर अनुज जैन और वधु नेहल जैन ने जल उपवास रखा। दोनों ने सात दिन तक ब्रह्मचर्य का पालन, कंदमूल और सप्त व्यसन का त्याग,रात्रि भोजन नहीं के त्याग का नियम लिया । विवाह के बाद दोनों अपने घर न जाकर कूलगुरु तीर्थ चक्रवर्ती निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव 108 श्री सुधासागर महाराज के दर्शन और वंदना के लिए निकले। वर-वधु ने बताया कि सुधासागर महाराज ने प्रवचन में कहा था कि दांपत्य जीवन को धर्ममय बनाना है तो इसकी शुरुआत चक्रवर्ती विवाह से करें। इसके बाद बोहरीबंद स्थित चमत्कारोदय तीर्थ में विराजमान सुधासागर महाराज से आशीर्वाद लिया। कथन जैन और निमित्ती जैन ने बताया कि आज की युवा पिढी विवाह के तुरंत बाद हिल पर्यटन स्थाल पर जाना चाहती है जबकि इय जोडे ने तीर्थ वंदना को चुना । विवाह के बाद वर वधु तीन सिद्ध क्षेत्र और दो अतिशय क्षेत्र की सात दिवसीय तीर्थ वंदना कर वधु पुराण ग्रंथ लेकर ससुराल में गृह प्रवेश करेगी।



# अजमेर के होटल में आग, 4 लोगों की मौत, मरने वाले 3 एक ही परिवार के, मां ने मासूम को खिड़की से फेंका

**अजमेर**

अजमेर के होटल में लगी आग में गुजरात के दंपती और उनके डेढ़ साल के बेटे समेत 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग झुलसे हैं। इनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। महज 30 मिनट में आग ने पूरे होटल को चपेट में ले लिया था। उधर, तेजी से फैलती आग की चपेट में एक अन्य बच्चा भी आ गया था। मां ने उसे उठाकर खिड़की से नीचे फेंक दिया। आग से बचने के लिए एक युवक चौथी मंजिल से कूद गया। डिग्गी बाजार स्थित नाज होटल में सुबह करीब 8 बजे आग लगी। देखते ही देखते आग होटल की 5वीं मंजिल तक पहुंच गई। होटल में बड़ी संख्या में जायरीन ठहरे हुए थे। करीब साढ़े तीन घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका।





## चार की हालत गंभीर

जेएलएन मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अनिल सामरिया ने बताया- झुलसे हुए आठ लोग लाए गए थे। इनमें से चार की मौत हो गई। 4 की हालत गंभीर है। 15 लोगों को रेस्क्यू कर बाहर लाया गया है। हॉस्पिटल में एडमिट चार में से एक व्यक्ति 90 प्रतिशत तक झुलस गया है। बाकी तीन 50 और 60 प्रतिशत तक झुलसे हैं। होटल तक पहुंचने का रास्ता संकरा है। इसलिए बचाव कार्य में काफी परेशानी आ रही है। रेस्क्यू के दौरान कई पुलिस कर्मियों और दमकलकर्मियों की भी तबीयत बिगड़ गई है। मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिमांशु जांगिड़ सहित पुलिस के अन्य अधिकारी मौजूद हैं। होटल पांच मंजिला है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शी मांगीलाल कलोसिया ने बताया-ॄष्ट फटने की आवाज आई थी। मैं और मेरी पत्नी भागकर बाहर आ गए थे। इसके बाद टैक्सी ड्राइवर को बुलाया। फायर ब्रिगेड आधे घंटे बाद आई थी। हमने बाहर से कांच तोड़े। एक महिला ने अपने बच्चे को ऊपर से मेरी गोद में फेंका। वह भी कूदने लगी तो हमने मना किया। एक अन्य युवक भी खिड़की से कूद गया। उसके सिर में चोटें आई हैं। अजमेर होटल आग हादसे में गुजरात के एक परिवार के 3 लोगों और नई दिल्ली के 1 युवक की मौत हो गई है। मृतकों की पहचान गुजरात के अमरेली जिले के लाठी गांव निवासी अलफेज नुरानी, उनकी पत्नी शबनम नुरानी और उनके डेढ़ साल के बेटे अरमान नुरानी के रूप में हुई है। इसके अलावा नई दिल्ली के मोती नगर निवासी मोहम्मद जाहिद (40) की भी जान गई है। वहीं मोहम्मद जाहिद की पत्नी रिहाना और बेटा इब्राहिम, भावनगर गुजरात निवासी धवल और उनकी पत्नी अल्पा के साथ ही फायरकर्मी कृष्णा मीणा घायल हो गए। मोहम्मद जाहिद (मृतक) के पिता लाल मोहम्मद ने बताया- जाहिद, रेहाना व इब्राहिम बुधवार दोपहर दिल्ली से रवाना होकर जियारत के लिए अजमेर गए थे। रात को होटल में ठहरे थे। सुबह आग लगने की सूचना मिली।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास का निधन, पूजा के दौरान लगी आग में झुलस गईं थीं

**मरूधर विशेष**

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा** कुशलगढ़: कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास का अहमदाबाद में इलाज के दौरान निधन हो गया। पिछले महीने गणगौर पूजा के दौरान लगी आग में वह झुलस गई थीं। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. गिरिजा व्यास का गुरुवार को अहमदाबाद में निधन हो गया। वे पिछले एक महीने से अस्पताल में भर्ती थीं। बताया गया है कि गणगौर पूजा के दौरान चुन्नी में आग लगने से वे गंभीर रूप से झुलस गई थीं। करीब 90 प्रतिशत तक जलने के कारण उनकी हालत लगातार बिगड़ती गई और अंततः उन्होंने अहमदाबाद के जायडस अस्पताल में अंतिम सांस ली। परिजनों के अनुसार उनका पार्थिव शरीर उदयपुर लाया जा रहा है। जहां उनके अंतिम दर्शन और अंतिम संस्कार की व्यवस्था की जा रही है। डॉ. व्यास का राजनीतिक, सामाजिक और शैक्षिक क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान रहा है। वे राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रह चुकी थीं। इसके अलावा वे कई बार लोकसभा सांसद रहीं और केंद्र सरकार में मंत्री के रूप में अहम जिम्मेदारियां निभाईं। शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय के लिए उनके कार्यों को हमेशा याद किया जाएगा।



## महिला मजदूर संघ, कुशलगढ़ द्वारा मजदूर दिवस आयोजन



**मरूधर विशेष**

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा कुशलगढ़:** महिला मजदूर संघ, कुशलगढ़ द्वारा अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर एक जागरूकता एवं जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रमिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन अनीता भील द्वारा किया गया और ज्ञापन में शामिल मुद्दों पर विस्तार से चर्चा टीना गरासिया ने की। इस आयोजन में आजीविका ब्यूरो बांसवाड़ा की जिला प्रभारी नीलू जाट की भी सक्रिय भागीदारी रही। उन्होंने उपस्थित श्रमिकों को श्रमिक अधिकारों सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और नीति-निर्माण की प्रक्रियाओं के बारे में जागरूक किया। ज्ञापन की मुख्य माँगों में शामिल थे मनरेगा में 200 दिन रोजगार प्रवासी मजदूरों को समय पर मजदूरी भुगतान महिला श्रमिकों के लिए सुरक्षित शेल्टर ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी की स्थायी व्यवस्था सरकारी अस्पतालों में बेहतर जांच और इलाज की सुविधा नियमित रोडवेज बस सेवा वृद्ध/असंगठित श्रमिकों के लिए पेंशन योजना लागू करना। कार्यक्रम के पश्चात श्रमिकों द्वारा एक शांतिपूर्ण रैली निकाली गई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होकर उपखंड अधिकारी एवं विकास अधिकारी कार्यालय पहुँची। वहाँ प्रतिनिधिमंडल ने उपरोक्त सभी मुद्दों को लेकर एक संयुक्त ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर जयकिराज, राजेन्द्र, कृष्णार्जुन, ज्योत्सना, कांता मेड़ा, हातू गरासिया, विमला मसार, श्यामलाल डामोर और निर्मला सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता एवं श्रमिक साथी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि मजदूर दिवस सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि श्रमिकों के हक और न्याय की आवाज़ को बुलंद करने का दिन है। महिला मजदूर संघ ने यह भी संकल्प लिया कि वे गाँव-गाँव जाकर श्रमिकों को संगठित करेंगे और उनकी आवाज़ को प्रशासन तक पहुँचाएंगे।

## ग्राम विकास अधिकारी संघ ने विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**मरूधर विशेष**

**कोटकासिम।** गुरूवार को ग्राम विकास अधिकारी संघ ने जिला अध्यक्ष मनोज यादव के नेतृत्व में विकास अधिकारी कोटकासिम को अपनी मांगो का लेकर ज्ञापन सौपा। इसके साथ ही ग्राम विकास अधिकारी संघ द्वारा दो घंटे का धरना दिया गया। कोटकासिम ब्लॉक अध्यक्ष रविन्द्र यादव ने बताया की विगत वर्षों से हमारी मांगे पूरी नहीं हुई है। जिसमे पदोन्नति व अन्य कई मांगों को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। जिसके चलते प्रदेश स्तर से प्राप्त निर्देशो के अनुसार चरणबद आंदोलन चलेगा। जिसमे 15 मई से कलम बंद आन्दोलन किया जायेगा और शहीद स्मार्क जयपुर में धरना दिया जायेगा।

## पुलिस ने निकाला हिस्ट्रीशीटर का जुलूस, चूनावढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार



**श्रीगंगानगर**

श्रीगंगानगर जिले में अपराध नियंत्रण के तहत पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर गुरजंट सिंह को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद, पुलिस ने उसे एसपी कार्यालय से सेंट्रल जेल तक पैदल जुलूस में ले जाकर जनता के समक्ष प्रस्तुत किया, जिससे समाज में अपराध के प्रति सख्त संदेश जाए। गुरजंट सिंह के खिलाफ 18 से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें हत्या, हत्या का प्रयास, चोरी, मारपीट और अवैध हथियार रखने जैसे गंभीर मामले हैं। उसकी गिरफ्तारी चुनावढ़ थाना क्षेत्र की पुलिस टीम द्वारा की गई, जिसमें अमित, श्रवण, गोपी और सीडीआर सेल के मंगतराम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। भारत में "हिस्ट्रीशीटर" उन व्यक्तियों को कहा जाता है जिनका आपराधिक रिकॉर्ड लंबा होता है और जो समाज के लिए खतरा माने जाते हैं। ऐसे व्यक्तियों की निगरानी और नियंत्रण के लिए विभिन्न राज्य सरकारों ने "हैबिचुअल ऑफेंडर्स एक्ट" जैसे कानून लागू किए हैं। उदाहरणस्वरूप, राजस्थान में "राजस्थान हैबिचुअल ऑफेंडर्स एक्ट, 1953" के तहत ऐसे अपराधियों की सूची बनाई जाती है और उनकी गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जाती है। इन कानूनों के तहत, पुलिस को ऐसे अपराधियों की गतिविधियों पर निगरानी रखने, उनकी आवाजाही पर प्रतिबंध लगाने और समय-समय पर उनकी रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने का अधिकार प्राप्त होता है। यह प्रक्रिया अपराध की पुनरावृत्ति को रोकने और समाज में शांति बनाए रखने के उद्देश्य से की जाती है। गुरजंट सिंह की गिरफ्तारी और उसके सार्वजनिक जुलूस के माध्यम से पुलिस ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि अपराध और अपराधियों के प्रति कोई सहानुभूति नहीं बरती जाएगी।

## भीलवाड़ा में नर्सिंगकर्मी युवती को साइलेंट-अटैक, अस्पताल के बाहर हंगामा,परिजनों ने सड़क पर अंतिम संस्कार की चेतावनी दी

**भीलवाड़ा**

प्राइवेट अस्पताल में जॉब करने वाली नर्सिंगकर्मी युवती की मौत पर उसके परिजनों ने हंगामा कर दिया। आरोप लगाया कि ड्यूटी के दौरान उसकी मौत हो रात को ही हो गई थी। लेकिन, हॉस्पिटल ने उनसे मौत की बात सुबह बताई। इसके बाद शव को सरकारी अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाने का प्रयास किया। पिछले 5 घंटे से अस्पताल में धरने पर बैठे परिजनों ने 50 लाख के मुआवजे की मांग की। सुनवाई नहीं होने पर वे उग्र हो गए। अस्पताल के सामने अंतिम संस्कार करने की जिद पर अड़ गए। इसके बाद वही लकड़ियां उठा कर अस्पताल के कांच फोड़ डाले। इसके बाद पुलिस ने करीब 5 लोगों को डिटेन किया है। मौके पर 2 थानों की पुलिस मौजूद है। मामला भीलवाड़ा के भीमगंज थाना क्षेत्र स्थित रामस्नेही हॉस्पिटल का 9 बजे का है। सूचना मिलने के बाद भीमगंज और सुभाष नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची थी। लोगों से समझाइश के प्रयास किए जा रहे हैं। इससे पहले सुबह गुस्साए लोगों द्वारा प्राइवेट एम्बुलेंस को अस्पताल के गेट पर लगाकर विरोध प्रदर्शन किया था। ष्टह्र सिटी मनीष बडगूर्जर ने बताया- रामस्नेही अस्पताल में नर्सिंगकर्मी भारती (30) की मौत हो गई। मामले को लेकर अस्पताल प्रशासन और परिजनों से बातचीत कर रहे हैं। फिलहाल मौत के कारण सामने नहीं आ पाए हैं। हालांकि, अस्पताल प्रशासन ने साइलेंट अटैक से मौत होने की बात कही है। रत्ना चौहान ने बताया- नर्सिंगकर्मी भारती कंवर (30) की भाभी रत्ना चौहान ने बताया कि भर्ती पिछले 4 सालों से रामस्नेही हॉस्पिटल में काम कर रही थी। वह घर से निकली तब एकदम ठीक थी। अस्पताल में ही उसकी तबीयत बिगड़ी है। भारती के साथ क्या हुआ कैसे हुआ हमें कुछ नहीं पता है। उसकी तबीयत कैसे बिगड़ी उसे हुआ क्या था यह भी हमें नहीं बताया गया। हमें इन्फॉर्म करना चाहिए था कि आपकी बेटी की तबीयत खराब है। उन्होंने हमें इसकी सूचना गुरुवार सुबह 5.30 बजे दी। वो ऑन ड्यूटी थी, इनकी (अस्पताल की) जिम्मेदारी है। अगर घर पर किसी की तबीयत खराब होती है तो हम कोई हॉस्पिटल लेकर आते हैं लेकिन यहां पर काम करने वाले बीमार हो के मरने लगे तो फिर क्या किया जाए। सूचना तो देनी चाहिए, हमें बस न्याय चाहिए । रत्ना चौहान ने आरोप लगाते हुए कहा कि अस्पताल प्रबंधन ने बुधवार शाम को हुई मौत की बात को छुपाए रखा। आज सुबह हमें 5.30 बजे सूचना दी। इसके बाद हम लोग अस्पताल पहुंचे। यहां उन्होंने बॉडी को एम्बुलेंस में रख रखा था। हमें पूछा तो कहा कि बॉडी को पोस्टमॉर्टम के लिए रू॥ अस्पताल ले जा रहे हैं।




## मंडी में दो नशा तस्कर गिरफ्तार, चिट्टा बरामद



**मंडी**

मंडी पुलिस ने धनोटू के पास से नशीले पदार्थों की तस्करी के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 20 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजस्थान के दौसा जिले के सिकराई तहसील के भंडारी गांव निवासी गौरव कुमार (21) और लोकेश कुमार (29) के रूप में हुई है। पुलिस ने धनोटू थाने में मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 21 और 29 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जाएगा और पुलिस रिमांड की मांग की जाएगी। एसपी साक्षी वर्मा ने कहा कि पुलिस जांच कर रही है कि आरोपी चिट्टा कहां से लाए थे और किसे सप्लाई करने वाले थे। यह भी पता लगाया जा रहा है कि ये लोग कब से इस धंधे में शामिल थे। उन्होंने बताया कि मंडी पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। नशा तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## दरीबा माइंस में बम रखने के मामले में 4 गिरफ्तार, टिफिन में बनाया था देसी बम, कंपनी कर्मचारी को किया था वॉट्सएप कॉल

**राजसमंद**

राजसमंद में दरीबा माइंस परिसर में देसी बम रखकर धमकी देने के मामले में रेलमगरा पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। राजसमंद पुलिस अधीक्षक मनीश त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि रेलमगरा थाना इलाके में दरीबा माइंस परिसर में देसी टिफिन बम बनाकर साथ में धमकी भरा पत्र रखने के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने मास्टर माइंड सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 23 अप्रैल की शाम करीब 7 बजकर 10 मिनट पर कंपनी कर्मचारी हीरालाल को अज्ञात मोबाइल नम्बर से वॉट्सएप कॉल आया। जिसमें बोला गया कि कम्पनी की फैक्ट्री के पास बैक गोल चक्कर दरीबा पर हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड कम्पनी के लिए चेतावनी छोड़ी गई है। कंपनी की जांच में उस स्थान पर एक संदिग्ध पैकेट एवं उसमें धमकी भरा पत्र मिला। जिसमे स्थानीय लोगों को रोजगार देने की मांग की गई थी। बाद में रेलमगरा पुलिस थाने से पुलिस का जाप्ता मौके पर पहुंचा और उदयपुर से बुलाई बीडीएस एक्सपर्ट टीम के द्वारा टिफिन में रखी संदिग्ध वस्तु को डिस्पोज किया गया। इसके बाद रेलमगरा पुलिस मामले की जांच करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की। इसके बाद एएसपी महेन्द्र पारीक के नेतृत्व में स्पेशल टीम का गठन किया गया। घटना स्थल के आसपास के करीब 30 किलोमीटर के दायरे में सीसीटीवी फुटेज खंगाले। साथ ही एक्सप्लोजिव रखने वालों व संदिग्धों से भी पूछताछ की। जिसके बाद पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले मास्टर माइंड हिस्ट्रीशीटर महावीर उर्फ माधु पुत्र सोहनलाल कीर निवासी सांसेरा से पूछताछ की। जिस पर उसने बताया कि रोजगार की मांग को लेकर बम का धमाका कर चेतावनी देने के लिए दिनेशनाथ, अनिल धोबी व जावेद के सहयोग से देसी टिफिन बम व चेतावनी पत्र तैयार किया। बम बनाने में टिफिन में लोहे की छड़ियों के टुकड़े, डेटोनेटर व एक्सप्लोजिव भरकर टिफिन में छेद कर वायर बाहर निकाल दिया गया और घटना स्थल पर लगा दिया गया। पुलिस ने इस मामले में चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। जिनमे महावीर कीर उर्फ माधु (35) पुत्र सोहन लाल कीर निवासी सांसेरा, दिनेश नाथ (25) पुत्र बद्रीनाथ निवासी छंडगा खेड़ी, अनिल कुमार धोबी (35) पुत्र हजारी लाल धोबी निवासी सांसेरा, मोहम्मद जावेद (22) पुत्र अजीज हुसैन निवासी सांसेरा को गिरफ्तार किया गया। मास्टरमाइंड महावीर के खिलाफ 19 मामले दर्ज है।



## शेखावाटी यूनिवर्सिटी में पानी को लेकर प्रदर्शन, छात्र संघर्ष समिति ने रखवाए पानी के कैंपर



**सीकर**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी यूनिवर्सिटी में पीने के पानी की कमी ने व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। भीषण गर्मी के बीच छात्रों को स्वच्छ पेयजल न मिलने से नाराजगी बढ़ गई। छात्र संघर्ष समिति ने पानी की किल्लत को लेकर यूनिवर्सिटी के मुख्य प्रशासनिक भवन का घेराव किया। छात्र नेता युवराज सिंह मंगावा ने कहा- यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से समय पर पानी की व्यवस्था न कर पाने की शिकायतें पहले भी सामने आ चुकी हैं। गर्मी के मौसम में पानी की कमी छात्रों के लिए गंभीर समस्या बन गई है। यूनिवर्सिटी में बुनियादी सुविधाओं का अभाव छात्रों की पढ़ाई और स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है। इस घटना के बाद प्रशासन ने आनन-फानन में पानी की व्यवस्था तो की, लेकिन छात्रों ने मांग की है कि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने। युवराज सिंह मंगावा ने कहा- हम छात्रों के हितों के लिए हमेशा लड़ते रहेंगे। प्रशासन को चाहिए कि वह बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान दे। इस मौके पर राजेश काजला, हितेश ढाका, मुकेश तारपुरा, अभिषेक गढ़वाल, पवन, दिनेश महरिया, रवि कुमार, करण सैनी, अभिनव, राकेश, अशोक पिपराली, शुभम, महेंद्र भड़ाना सहित अनेक छात्र मौजूद रहे।

# गुजरात से आरोपी को लेकर आ रहे पुलिसकर्मी की मौत

**उदयपुर**

गुजरात से धोखाधड़ी के आरोपी को भीलवाड़ा लेकर आ रहे पुलिसकर्मियों की कार उदयपुर में पलट गई। कार में 3 पुलिसकर्मी, आरोपी और चालक सवार थे। कार पलटने से पांचों उसमें बुरी तरह फंस गए। हादसे में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई। वहीं 2 पुलिसकर्मियों सहित चारों जनों को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। मृतक पुलिसकर्मी सवाईमाधोपुर के रहने वाले थे। उनके परिजनों को हादसे की सूचना दी गई। हादसा उदयपुर-पिंडवाड़ा नेशनल हाईवे-27 पर आज सुबह करीब 5 बजे का है। हादसा उदयपुर-पिंडवाड़ा नेशनल हाइवे-27 पर आज सुबह हुआ। हाईवे मोबाइल पेट्रोलिंग टीम के कॉन्स्टेबल बाबूलाल ने बताया- आज सुबह करीब 5 बजे पुलिस कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि गोगुंदा थाना क्षेत्र में खाखड़ी के पास रामनिवास होटल के सामने एक कार पुलिया के पास क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी है। कार पूरी तरह से पिचकी हुई है। कॉन्स्टेबल ने बताया- मौके पर पहुंचे तो उसमें सवार पांचों लोग फंसे हुए थे। मौके पर क्रेन को बुलाकर कार को सीधा करवाकर सभी को निकाला गया। घायल 3 पुलिस की वर्दी में थे। उनमें से एक पुलिसकर्मी सवाईमाधोपुर के कुंडेरा थाना क्षेत्र के रायताखुर्द मूल निवासी देवनारायण गुर्जर की मौत हो गई। वहीं 2 पुलिसकर्मी एएसआई बंशीलाल, सिपाही सुनील कुमार सहित कार चालक बलवंत जाट और आरोपी अल्फाज मंसूरी को घायल हालत में गोगुंदा सीएचसी में भर्ती करवाया गया। वहां से उदयपुर के एमबी हॉस्पिटल में रेफर किया गया। भीलवाड़ा के बीगोद थाने के इंस्पेक्टर जय सुल्तान सिंह कविया ने बताया- अनाज लेने के बाद पेमेंट नहीं करने को लेकर धोखाधड़ी का मामला दर्ज था। आरोपी अल्फाज मंसूरी निवासी मेहसाणा (गुजरात) पकड़ने के लिए थाने की टीम 29 अप्रैल को मेहसाणा गई थी। टीम में थाने के एएसआई बंशीलाल, सिपाही सुनील कुमार और देवनारायण शामिल थे। टीम आरोपी को डिटेन करने के बाद गुजरात से रवाना होकर बीगोद (भीलवाड़ा) आ रही थी। रास्ते में आज उदयपुर-पिंडवाड़ा नेशनल हाइवे पर हादसा हो गया।





## मर्दानी 3 में रानी मुखर्जी के अलावा ये अभिनेत्री निभाएगी पुलिस का किरदार

साल 2014 में रिलीज हुई फिल्म मर्दानी में अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने पुलिस का दमदार किरदार निभाया था। ये फिल्म काफी कामयाब रही थी। फिल्म की कामयाबी के बाद रानी मुखर्जी मर्दानी 2 में नजर आईं। यह फिल्म 2019 में रिलीज हुई। यह फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर काफी कामयाब रही। अब फैंस इसके तीसरे पार्ट का इंतजार कर रहे हैं। साल 2024 में खबर आई कि फिल्म निर्माता मर्दानी 3 पर काम कर रहे हैं। खबर के मुताबिक फिल्म मर्दानी 3 की शूटिंग इसी साल के शुरुआत में शुरू हो चुकी है। फिल्म अगले साल 2026 में होली के मौके पर रिलीज होगी।

### जानकी बोदीवाला होंगी फिल्म का हिस्सा

वेबसाइट के मुताबिक अभिनेत्री जानकी बोदीवाला भी फिल्म मर्दानी 3 में अहम किरदार अदा करेंगी। जानकी बोड़ीवाला ने फिल्म शैतान में अच्छा रोल निभाया था। इससे रानी मुखर्जी और आदित्य चोपड़ा प्रभावित हुए हैं, इसलिए उन्होंने जानकी बोदीवाला को फिल्म में अहम किरदार दिया है। वह फिल्म में एक पुलिस का किरदार निभाएंगी। फिल्म की शूटिंग मुंबई में हो रही है। खबर है कि मर्दानी 3 दोनों फिल्मों से जबरदस्त होगी। पहले की फिल्में सामाजिक मुद्दों पर आधारित थीं। उसी तरह यह फिल्म भी जरूरी सामाजिक मुद्दों पर होगी।

### जानकी बोदीवाला का बॉलीवुड में दमदार किरदार

जानकी बोदीवाला ने बॉलीवुड में शैतान फिल्म से डेब्यू किया था। इससे पहले वह गुजराती फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा थीं। अब वह बॉलीवुड में मर्दानी 3 में अहम रोल अदा करने वाली हैं।

मर्दानी 3 यशराज फिल्म्स के बैनर तले रिलीज होने वाली है। इस बैनर तले चार फिल्में रिलीज होने वाली हैं। सैयारा 18 जुलाई, वार 2 दो अगस्त, अल्फा 25 दिसंबर और मर्दानी 3 27 फरवरी 2026 को रिलीज होने वाली हैं।



# कॉस्मेटिक सर्जरी को लेकर बोलीं रकुल प्रीत

रकुल प्रीत सिंह के एक्टिंग करियर को लगभग 15 साल हो चुके हैं। वह कई रोमांटिक फिल्मों का हिस्सा बन चुकी हैं। रकुल को फैंस उनके नेचुरल लुक के लिए भी काफी पसंद करते हैं। हाल ही में कॉस्मेटिक सर्जरी, प्रोसिजर को लेकर रकुल ने अपना नजरिया साझा किया।

भगवान ने मुझे ठीक-ठाक शक्ल दी

हाल ही में एक इवेंट में रकुल प्रीत सिंह को देखा गया। इंस्टेंट बॉलीवुड से की गई बातचीत में वह बताती हैं कि उन्हें कभी कॉस्मेटिक सर्जरी कराने का ख्याल नहीं आया। रकुल कहती हैं, 'भगवान ने मुझे ठीक-ठाक शक्ल दी है, इसलिए ऐसी बातों के बारे में सोचा नहीं है।' बताते चलें कि पिछले दिनों रकुल को पैपराजी ने मुंबई में एक गाड़ी से उतरते देखा तो उन्होंने अपने होंठों को छुपा लिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। इस वीडियो को देखकर यूजर्स ने कहा था कि रकुल ने होंठों पर कोई कॉस्मेटिक प्रोसिजर करवाया है या फिर फिलर ( एक तरह का प्रोसिजर है, जिससे होंठ उभरे हुए नजर आते हैं) का यूज किया है।

### कॉस्मेटिक प्रोसिजर को गलत नहीं मानती

आगे रकुल कहती है, 'हां, अगर कोई ऐसा करना चाहता है तो इसमें कुछ गलत नहीं है। देखिए पहले कई बीमारियों का इलाज नहीं था, अब है। ऐसे ही अगर कोई सुंदर दिखने के लिए कॉस्मेटिक प्रोसिजर करवाना चाहता है तो इसमें गलत कुछ नहीं है।'

### इन फिल्मों में नजर आएंगी रकुल

रकुल के करियर फ्रंट की बात करें तो वह कुछ दिन पहले अर्जुन कपूर की फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' में नजर आईं। इस साल वह एक साउथ फिल्म 'इंडियन 3' कर रही हैं, साथ ही 'दे दे प्यार दे-2' में भी नजर आएंगी। इस फिल्म के पहले पार्ट में रकुल की जोड़ी अजय देवगन के साथ बनी थी।

## करियर की शुरूआत में मुझे बदकिस्मत कहा जाता था



तमिल, तेलुगु और हिंदी फिल्मों में नजर आ चुकीं अभिनेत्री श्रुति हासन ने अपने करियर के शुरूआती दिनों को याद करते हुए बात की। फिल्मफेयर के साथ हालिया बातचीत में अभिनेत्री ने बताया कि कैसे उन्हें अपने करियर की शुरुआत में बदकिस्मत माना जाता था। क्योंकि उनकी पहली दो फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थीं। अभिनेत्री ने कहा कि तेलुगु में यह मिथक था कि मैं बदकिस्मत हूं, क्योंकि मेरी पहली दो फिल्में नहीं चलीं। लेकिन उन्हें यह एहसास नहीं हुआ कि उन दो फिल्मों में एक ही हीरो था। लेकिन लोग कहते थे कि उन्हें मैं नहीं चाहिए। श्रुति ने साल 2011 में सिद्धार्थ के साथ फिल्म 'अनागनागा ओ धीरुदु' और रोमांटिक ड्रामा 'ओह माय फ्रेंड' में काम किया था। ये उनकी पहली दो फिल्में थीं। दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं रहीं। अभिनेत्री ने आगे बताया कि फिर पवन कल्याण सर ने मुझ पर भरोसा जताया और मेरा पूरा करियर बदल गया। अचानक बॉम्बे दिखने लगा, और तमिल दिखने लगा। एक्ट्रेस ने कहा कि यह सिर्फ लोगों की वजह से है और वे आप पर कितना भरोसा करते हैं। यह क्रिएटिव रूप से भी तब सामने आता है जब उन्हें लगता है कि आप कुछ कर सकते हैं। पवन कल्याण ने 2012 में आई 'गब्बर सिंह' में श्रुति हासन के साथ काम किया था।



# साई को रिलेशनशिप में मिला धोखा

**हालिया रिलीज 'ग्राउंड जीरो' में इमरान हाशमी के साथ नजर आईं अभिनेत्री साई तम्हणकर ने एक्टिंग से परे अपनी व्यक्तिगत जिंदगी, प्यार, विश्वासघात और धोखे को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने रोमांटिक रिलेशनशिप को प्रभावित करने वाले कुछ इमोशनल पैटर्न के बारे में भी अपने विचार रखे।**

### साई को मिला रिश्ते में धोखा

हॉटरफ्लाई के साथ हालिया बातचीत में अभिनेत्री साई तम्हणकर ने अपने एक रिलेशनशिप के बारे में बात करते हुए कहा, हां, बेशक मुझे धोखा मिला है। कम उम्र में धोखा दिया गया था। मुझे लगता है कि मेरे जीवन में बहुत पहले मेरे बहुत बुरे रिश्ते रहे हैं। मैंने इससे बहुत कुछ सीखा है। मुझे यह भी लगता है कि एक व्यक्ति के साथ रहना थोड़ा अप्राकृतिक है। मेरा मानना है कि चीट करने पर खुले तौर पर वापस आकर अपने पार्टनर को यह बताने की हिम्मत रखो कि मैंने यह किया है। आप दोनों इसके साथ शांति बनाए रखें।

साई ने बताया बहस के दौरान क्या करती हैं लड़कियां बहस के दौरान अक्सर अनसुलझे मुद्दों के फिर से उभर आने पर साई का कहना है, तब लड़की को हर लड़ाई में यह करने की जरूरत नहीं है। लेकिन लड़कियां ऐसा करती हैं। हर लड़ाई में, अगर कोई पुरानी बात है तो। मैंने भी यह किया है, इसलिए मैं यह कह रही हूं। वह ऐसा करती है, इसलिए ऐसा नहीं होना चाहिए। कमिटेड रिलेशनशिप में चिंता बनी रहने और धोखे का डर सा लगा रहने पर अभिनेत्री ने कहा, जब कोई रिश्ता बनता है, तो वह बेचैनी या वह भावना अभी भी जीवित रहती है। लेकिन यह वाकई में दूरी नहीं होती है।

2013 में की शादी, दो साल बाद हो गई अलग साई तम्हणकर ने पहले विजुअल इफेक्ट आर्टिस्ट अमेय गोसावी से शादी की थी। दोनों ने 15 दिसंबर 2013 को शादी की, लेकिन 2015 में आपसी सहमति से अलग हो गए। हालांकि उन्होंने कभी भी अपने अलग होने का कारण सार्वजनिक रूप से नहीं बताया।

# जयदीप ने बताया कैसे संभालते हैं फेम का प्रेशर



अपने अभिनय से इंडस्ट्री में एक अलग मुकाम हासिल करने वाले अभिनेता जयदीप अहलावत इन दिनों अपनी हालिया रिलीज 'ज्वेल थीफ' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई है और इसे लोगों के मिले-जुले रिस्पॉन्स मिल रहे हैं। इससे पहले अभिनेता को उनके शो पाताल लोक सीजन 2 के लिए काफी प्रशंसाएं मिलीं और उनके अभिनय को काफी सराहा गया। अब अभिनेता ने सीरीज के किरदार हाथी राम चौधरी को लेकर बात की है। साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे 'पाताल लोक' ने उनके जीवन में काफी बदलाव लाया है।

हाल ही में बातचीत में जयदीप अहलावत ने अपने सबसे मशहूर किरदार हाथी राम चौधरी को लेकर बात की। अभिनेता ने कहा, मुझे अपने आज तक निभाए गए सभी किरदार पसंद हैं। लेकिन बेशक जिसने मेरे करियर को सबसे अधिक प्रभावित किया, वह पाताल लोक था। हाथी राम ने मेरे लिए और लोगों के मुझे एक अभिनेता के रूप में देखने के तरीके में बहुत कुछ बदल दिया।

### किरदार के प्रति रहता है ईमानदार

इस दौरान जयदीप अहलावत ने बैक-टू-बैक हिट परफॉर्मेंस देने के दबाव के बारे में भी बात की। अभिनेता ने कहा, यह दबाव हमेशा बना रहता है। इसलिए मैं खुद को यह याद दिलाता रहता हूं कि किरदार के साथ ईमानदार रहना है। बाकी सब सिर्फ शोर है।

हालिया रिलीज 'ज्वेल थीफ' में अपने किरदार राजन औलाख के बारे में बात करते हुए एक्टर ने कहा, इसमें स्वभाव, तड़क-भड़क और शरारत या खुराफात का एक संकेत है। यह स्टाइलिश है, लेकिन इसमें परतें भी हैं। इसकी अप्रत्याशिता और नयेपन ने मुझे सबसे अधिक उत्साहित किया। भले ही पहले भी मैंने इंटेंस और इस तरह के किरदार निभाए हों, लेकिन यह भूमिका निभाना मजेदार था।

### 'द फैमिली मैन सीजन 3' में दिखाई देंगे जयदीप अहलावत

वर्कफ्रंट की बात करें तो जयदीप अहलावत की हालिया रिलीज 'ज्वेल थीफ- द हीस्ट बिगिन्स' है। इसमें उनके साथ सैफ अली खान, कुणाल कपूर और निकिता दत्ता भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आई हैं। वो अब मनोज बाजपेयी की बहुप्रतीक्षित सीरीज 'द फैमिली मैन सीजन 3' में साथ नजर आएंगे।



# दूल्हा बनने के अलावा राजकुमार राव ने इन फिल्मों में निभाया दमदार किरदार, खूब हुई तारीफ

राजकुमार राव की फिल्म भूल चूक माफ 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में शादी में हो रही मुश्किलों को दिखाया गया है। फिल्म में राजकुमार राव की शादी होने में कई अड़चनें आती हैं। राजकुमार राव की कई फिल्में हैं जिनमें शादी के मुद्दे को दिखाया गया है। इन फिल्मों में शादी में जरूर आना, बधाई दो और विक्की विद्या का वो वाला वीडियो शामिल हैं। इस खबर में हम आपको राजकुमार राव की उन फिल्मों के बारे में बता रहे हैं जिनमें उन्होंने दूल्हे के अलावा दूसरे किरदार निभाए हैं।

### भीड़

साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म भीड़ में कोरोना महामारी के बाद उपजे हालात को दिखाया गया है। फिल्म में दिखाया गया है कि कोविड-19 महामारी के दौरान एक पुलिस अधिकारी को प्रवासी श्रमिकों को सीमा पार करने से रोकने का काम सौंपा गया है। पुलिस वाला जब लोगों की पीड़ा को देखता है तो वह लोगों की मदद करने लगता है। पुलिस अफसर के किरदार को राजकुमार राव ने अच्छे से निभाया है।

### छलांग

साल 2020 में रिलीज हुई फिल्म छलांग एक स्पोर्ट्स कॉमेडी ड्रामा है। फिल्म में राजकुमार राव ने एक खेल अध्यापक की भूमिका निभाई है। फिल्म में वह एक आलसी प्रशिक्षक हैं, जो नौकरी में बने रहने के लिए न्यूनतम काम करते हैं। फिल्म में तब मजा आता है जब एक नया शिक्षक उनकी नौकरी और उनसे प्यार करने वाली महिला को छीनने की धमकी देता है। फिर राजकुमार राव एक्शन मोड में आते हैं।

### न्यूटन

साल 2017 में रिलीज हुई फिल्म न्यूटन में राजकुमार राव ने रिटर्निंग ऑफिसर का किरदार निभाया है। फिल्म में राजकुमार राव को एक ऐसे इलाके में चुनाव की ड्यूटी के लिए भेजा जाता है जो राजनीतिक रूप से बहुत संवेदनशील है। राजकुमार राव अपनी ड्यूटी बखूबी निभाते हैं। फिल्म में पंकज त्रिपाठी ने अच्छी अदाकारी की है। फिल्म को फिल्मफेयर अवॉर्ड्स और नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स के अलावा कई दूसरे अवॉर्ड्स भी मिले थे।

### अलीगढ़

साल 2016 में रिलीज हुई फिल्म अलीगढ़ एक प्रोफेसर पर आधारित थी। फिल्म में मनोज बाजपेयी अहम किरदार में थे। इस फिल्म में राजकुमार राव ने एक पत्रकार की भूमिका निभाई थी। यह फिल्म अलीगढ़ यूनिवर्सिटी के मराठी भाषा के प्रोफेसर डॉ. श्रीनिवास रामचन्द्र सिरस पर आधारित थी। फिल्म में दिखाया गया है कि एक प्रोफेसर जिसकी फीलिंग दूसरे लोगों से अलग थी, उन्हें कितनी दिक्कतें हुई। फिल्म में राजकुमार राव एक सच्चे पत्रकार की भूमिका निभाते हैं।

### शाहिद

साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म शाहिद एक वकील की कहानी पर आधारित थी। शाहिद आजमी जिन पर पूर्व आतंकवादी कार्यकर्ता का इल्जाम लगता है, वह बाद में एक वकील बन जाते हैं। वह उन लोगों के लिए न्याय पाने के लिए लड़ते हैं, जिन्हें आतंकवाद के झूठे आरोप में दोषी ठहराया गया है। इस किरदार को राजकुमार राव ने बखूबी निभाया है। फिल्म की खूब सराहना हुई थी।

## वन फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट में सिद्धार्थ संग शामिल हुईं तमन्ना



बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा की आगामी फिल्म वन फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट एक पौराणिक थ्रिलर फिल्म है, जिसको शॉर्ट में वीवन नाम दिया गया है। इस फिल्म में अब सिद्धार्थ संग एक साउथ अभिनेत्री की एंट्री हुई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग जून 2025 में शुरू होगी और यह फिल्म 2026 में जाकर रिलीज होगी। इस फिल्म में तमन्ना एक महत्वपूर्ण और दमदार किरदार निभाएंगी। वह सिद्धार्थ के साथ मिलकर मध्य भारत की पौराणिक कहानियों की दुनिया को पर्दे पर लाएंगी। इसके लिए दोनों कलाकार प्रशिक्षण भी लेंगे।

## भाजपा वक्फ सुधार जनजागरण अभियान, बानसूर विधानसभा में अभयसिंह जाट बने सहसंयोजक

मरूधर विशेष



**बानसूर सुरेश कुमार सैनी** बानसूर।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, वक्फ सुधार जन जागरण अभियान के प्रदेश संयोजक पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी , भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची, भाजपा अलवर जिला उत्तर जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी ने आज , युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अभय सिंह बिधूड़ी के निर्देशानुसार आज विधानसभा क्षेत्रों में वक्फ सुधार जनजागरण अभियान 2025 के लिए विधानसभा संयोजक और सह संयोजक की नियुक्ति की है। जिसको लेकर बानसूर विधानसभा में आज समयसिंह जाट को विधानसभा सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि घर- घर जाकर लोगों को वक्फ कानून संशोधन के बारे में विस्तार से सही जानकारी उपलब्ध करवाएंगे।

## विधायक देवीसिंह शेखावत ने डॉक्टरों की बैठक ली, अस्पताल की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई



मरूधर विशेष



**बानसूर सुरेश कुमार सैनी** बानसूर ।उप जिला अस्पताल में गुरुवार को विधायक देवीसिंह शेखावत ने डॉक्टरों की बैठक ली और अस्पताल की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने डॉक्टरों के साथ बैठक कर अस्पताल में असुविधाओं को लेकर जानकारी ली। इस दौरान विधायक ने बताया कि अस्पताल में महिला डॉक्टर नहीं होने को लेकर ग्रामीणों ने मांग की है। जिसको लेकर जल्द ही अस्पताल में महिला डॉक्टर की नियुक्ति की जाएगी। इस दौरान अस्पताल में पिछले कार्यों का अनुमोदन किया गया। उन्होंने बताया कि अस्पताल में मुख्यमंत्री निशुल्क जांच योजना में और जांचे बढ़ाई जाएगी जिससे मरीजों को इसका लाभ मिल सके। वही अस्पताल की व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि डॉक्टरों की अस्पताल में समय पर आने और मरीजों को बेहतर ईलाज देने के लिए निर्देशित किया गया है। इस दौरान अस्पताल में कई उपकरणों की मांग की गई जिसको लेकर विधायक ने कहा कि जल्द ही अस्पताल को उपकरण उपलब्ध करवाए जाएंगे जिससे मरीजों को बेहतर और सुविधाजनक ईलाज मिल सके। इस दौरान सीएमएचओ डॉ.आशीष सिंह शेखावत, उप जिला अस्पताल प्रभारी डॉ. राजेश यादव, एसडीएम अनुराग हरित सहित डॉक्टर और नर्सिंग अधिकारी मौजूद रहे।

## नेट की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर पूजा यादव को दी बधाई

मरूधर विशेष



**बानसूर सुरेश कुमार सैनी** बानसूर।नारायणपुर क्षेत्र में रहने वाली भारती शिक्षण समूह नारायणपुर के चेयर मैन अशोक यादव की पुत्री पूजा यादव MSC के साथ CSIR की नेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस अवसर पर बधाई देने वालो का सिलसिला जारी है। आपको बता दे कि पूजा यादव की हाई स्कूल राजधानी इंग्लिश मीडियम स्कूल नारायणपुर से हुई है। जिसका संचालन स्वयं उसके पिता श्री अशोक यादव करते है तथा कॉलेज शिक्षा Msc (Zoology) राजस्थान विश्वविधालय से चल रही है। पूजा यादव MSc फाइनल इयर की छात्रा है। MSC के साथ NET ß PH.D मे प्रवेश हेतु अहर्ता प्राप्त करली है अब पूजा यादव राजस्थान विश्विद्यालय जयपुर से PHD करेगी।

## सर्किट हाउस में मनाया सांसद संजना जाटव का जन्मदिन

मरूधर विशेष



**संवाददाता सलीम खान** कामां - भरतपुर जिले की लोकसभा सांसद संजना जाटव का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ में मनाया गया। लोकसभा सांसद संजना जाटव के प्रतिनिधि चंदन सिंह जाटव ने बताया कि मेवात की लाडली भरतपुर लोकसभा सांसद का जन्मदिन सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मिलकर के हर्षोल्लास के साथ में मनाया , सांसद संजना जाटव के जन्मदिन पर अस्पतालों में मरीजों के लिए फल वितरित किए गए एवं हम सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भरतपुर पहुंचकर के भरतपुर के सर्किट हाउस में सांसद संजना जाटव को फूलों का गुलदस्ता भेंट करके जन्मदिन मनाया, लोकसभा सांसद संजना जाटव ने सभी का आभार व्यक्त किया, इस मौके पर,कामां पंचायत समिति की पूर्व प्रधान कमलेश जाटव व सांसद प्रतिनिधि पूर्व पार्षद चंदन सिंह जाटव वह कांग्रेस ह्य़ष मोर्चा अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ,व अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद रहे

## कठूमर सीएचसी पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सांसद संजना जाटव के जन्मदिन पर मरीजों को बांटे फल

मरूधर विशेष

**कठूमर (दिनेश लेखी)** विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भरतपुर सांसद संजना जाटव का 27वां जन्म दिन मनाया गया। इस मौके पर अस्पतालों में मरीजों को फल वितरण व गायों को चारा खिलाया गया। मंदिरों में प्रसाद चढ़ाकर उनके दीर्घायु जीवन की कामना की गई। इस मौके पर खेरली ग्रामीण के ब्लाक अध्यक्ष हरिकिशन मैनेजर, कठूमर अध्यक्ष राजवीर हुल्याना, सांसद प्रतिनिधि हरभजन सिंह, पूर्व सरपंच कमल सिंह, श्रीनिवास, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद बंसल, राकेश शर्मा, भोलू, पिंकी ठेकेदार, शहर अध्यक्ष अजय जाटव, रामोतार जाटव , महावीर मीणा, भनोखर अध्यक्ष विजेंद्र मीणा,रोनीजा थाना मंडल अध्यक्ष सुखचंद फौजी, अंकित तिवारी, अनोखी मीणा सरपंच, शिवदयाल दीक्षित, भोलू चौधरी, आदि मौजूद थे।

# जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत स्तर की जनसुनवाई का हुआ आयोजन

### ग्राम पंचायत पैंडका में जिला कलेक्टर ने सुनी परिवादियों की समस्या

मरूधर विशेष




**संवाददाता सलीम खान डीग,** आमजन की परिवेदनाओं की पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में सुनवाई करने के लिए जिले में त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत परिवेदनाओं एवं समस्याओं के समाधान के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत पैंडका में जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने लोगों की समस्याओं को सुना तथा मौके पर ही अधिकारियों को भेज समस्या निस्तारण के निर्देश दिए। पैंडका ग्राम पंचायत में आयोजित जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई में आए कुल 24 परिवादों को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित निर्देशित किया कि वे परिवादों का जल्द निस्तारण करें। जनसुनवाई में वासियान ग्राम में सड़क निर्माण, राशन कार्ड बनवाने, जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन डलवाने, बिजली, खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुड़वाने बाबत, जमाबंदी में नाम शुद्ध करने संबंधित शिकायत आई जिनका जिला कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निस्तारण करने का निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर ने प्रार्थी कृष्णा देवी द्वारा गांव रोजकी के जाटव मोहल्ला में चंबल का पानी नहीं पहुंचने पर सहायक अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया कि वह उक्त मोहल्ले में चंबल के पानी का संचालन सुचारू रूप से करवाए। रोजकी के समस्त ग्राम वासियों ने अवगत कराया की 1 साल से गांव में बना हुआ बिजली घर के संचालन न होने के कारण गांव के लोगों को निर्बाध बिजली सप्लाई नहीं मिल पाती है। जिला कलेक्टर ने सहायक अभियंता जेवीवीएनएल नगर को निर्देशित किया कि वह प्रकरण की जांच कर आमजन की समस्या का निस्तारण करें। ग्राम वासियान के विद्यालय में बाउंड्री वॉल और कैमरा न होने की समस्या को लेकर ग्राम वासियान तथा आसपास के गांव के लोगों ने विद्यालय के विकास के लिए प्रकरण प्रस्तुत किया। जिला कलेक्टर ने समस्या की गंभीरता के मद्देनजर मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि वह विद्यालय का अवलोकन कर उचित कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान उपखंड अधिकारी नगर दुर्गा प्रसाद मीणा, तहसीलदार रोहित, ब्लॉक सीएमएचओ, बिजली, सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं जलदाय विभाग के अभियंता सहित अन्य कर्मचारी व स्थानीय सरपंच मौजूद रहे।

## कोटपूतली-बनेठी मार्ग का नाम शहीद श्रवण सिंह के नाम पर रखे जाने की माँग

### जिला कलक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

मरूधर विशेष



**कोटपूतली,** कोटपूतली-बनेठी मार्ग का नाम शहीद श्रवण सिंह के नाम पर रखे जाने की माँग को लेकर गुरूवार को समाजसेवी रतन लाल शर्मा ने जिला कलक्टर के नाम निजी सचिव को ज्ञापन सौंपा। शर्मा ने बताया कि श्रवण सिंह तंवर वर्ष 2009 में आतंकवादियों के विरुद्ध कार्यवाही में ऑपरेशन तृतीय कुपवाड़ा जम्मू में 02 आतंकवादियों को मौत के घाट उतारने के बाद शहीद हो गये थे। उन्होंने कहा कि उक्त मार्ग का नाम शहीद, महापुरुष या स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर रखने पर युवाओं में देश भक्ति की भावना पैदा होगी। इस दौरान ओमप्रकाश सारस्वत, प्रहलाद जांगिड़, शुभम शर्मा, अशोक कसाना, बृजपाल सिंह बनेठी, दयाराम सैन, पुष्पेंद्र, योगेश, अनिल कुमावत, हेमंत सैनी, रोशन सैनी, विशाल गुर्जर, राकेश, रघुवीर, विनोद समेत अन्य मौजूद रहे।

## सभी वर्ग के मजदूरों ने एक ही आवाज में कहा मजदूरी पूरी मिले




मरूधर विशेष

**लिम्बाराम उटेर** मजदूर अधिकार संगठन के बैनर तले कोटड़ा में मनाया मजदूर दिवस राजस्थान और गुजरात के आदिवासी इलाके के मजदूरों ने आज राजस्थान के कोटड़ा में मिलकर मजदूर अधिकार संगठन के बैनर तले मजदूर दिवस का आयोजन गांधी मैदान में किया। इसमें 200 से अधिक महिला-पुरुष श्रमिको ने भागीदारी की। मजदूर अधिकर संगठन गुजरात के पोशिना तहसील के अध्यक्ष तेमा भाई ने कहा कि हमारे भाई बहन खेती काम में मजदूरी पर जा रहे है जहां पर दिन-रात काम करने के बाद भी उन्हें 5वा से लेकर 10वा तक भाग मिल रहा है जो न्यूनतम मजदूरी से बहुत कम है। हमे इसके लिए राजस्थान में जयपुर और गुजरात में गांधीनगर तक अपनी आवाज को बुलंद करना पड़ेगा। मजदूर अधिकर संगठन कोटड़ा के सचिव सोहनलाल पारगी ने मजदूरों से संगठित होकर आवाज उठाने की बात कही। उन्होंने कहा कि मजदूरों के मुद्दों को कही भी सरकार जगह नहीं दे रही है अतः हमें संगठित होकर अपनी बात रखनी पड़ेगी। संगठन से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता धर्मचंद खैर ने कहा कि आदिवासी परिवार में मजदूरी आय का मुख्य साधन है लेकिन मजदूरी कम होने से घर चलना मुश्किल है। नरेगा में काम नहीं मिलने ओर पूरी मजदूरी नहीं मिल रही है। सरकार को इसके लिए व्यवस्था करनी चाहिए।

सम्मेलन में नयावास सरपंच और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कोटड़ा रायसा राम खैर ने बताया कि कई लोग नरेगा में काम पर सिर्फ नाम मात्र आते है और काम नहीं करते जिससे मेहनत करने वाले मजदूरों को भी कम मजदूरी मिलती है अतः जो काम नहीं करते उनका विरोध श्रमिको को करना पड़ेगा। इसके साथ ही उन्होंने ओवरलोड मजदूरों को गुजरात ले जा रही गाड़ियों पर भी रोक लगाने की बात कही। सम्मेलन के आखिर में खेत मजदूरों के हिसाब और लिखित करार के लिए बानाई गई श्रमिक डायरी का विमोचन किया गया। सम्मेलन में एतरी बेन पोशिना, चंदू भाई खेड़ब्रह्मा, अशोक कुमार, नंदलाल, सीमा देवी कोटड़ा से भागीदारी की गई। कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र कुमार बामणिया ने किया।

### जिला कलेक्टर ने की धिलावटी में रात्रि चौपाल

## समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण कर आमजन को राहत पहुंचाएं : जिला कलक्टर

मरूधर विशेष



**संवाददाता सलीम खान डीग, ।** जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने बुधवार को कामां की ग्राम पंचायत धिलावटी में रात्रि चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने जनसुनवाई में आये प्रत्येक नागरिक से रूबरू होकर उनके परिवादों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित विभागों के माध्यम से यथाशीघ्र निराकरण कराने को कहा। जिला कलक्टर ने सड़क, पेयजल, खाद्य सुरक्षा में नाम जुड़वाने, कनेक्शन, पेंशन, अतिक्रमण, विद्युत, सीमाज्ञान सहित अन्य समस्याओं को सुनकर त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। कुल 24 परिवाद दर्ज किए गए। जिला कलेक्टर ने जल संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए ग्रामीणों को पानी बचाने और जल स्रोतों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने हेतु सौर ऊर्जा के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया एवं सरकार द्वारा चलाए जा रही योजनाओ के तहत पूरे जिले में घरों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के बारे में ग्रामीणों को प्रेरित किया। उन्होंने जल संरक्षण को बढ़ावा देते हुए सभी अधिकारियों को ग्राम पंचायत में स्थित सरकारी कार्यालय एवं स्कूल में जल का समुचित उपयोग करने हेतु निर्देशित किया तथा ग्रामीणों को भी जल संरक्षण के बारे में बताकर जागरूक किया तथा फॉर्म पोण्ड योजना के तहत पोण्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया। अधिकारीयों ने वृद्धावस्था पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पालनहार योजना और मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, तंबाकू मुक्त अभियान, जल जीवन मिशन और पीएम विश्वकर्मा योजना तारबंदी, फार्म पोण्ड, मंगला पशु बीमा योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं के आवेदन और प्रक्रिया पर चर्चा की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहन सिंह, उपखंड अधिकारी सर्वेश शर्मा, तहसीलदार, सरपंच और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर परिषद आयुक्त ने देखी शहर की सफाई व्यवस्था, निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

### अधिकारी फील्ड में रहकर देखें सफाई कार्य, शिकायतों का तुरंत करें निस्तारण- नगर परिषद आयुक्त

मरूधर विशेष





**कोटपूतली-बहरोड़,** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल के निर्देश पर नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट ने गुरुवार को कोटपूतली शहरी क्षेत्र में प्रातः काल निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया एवं संबंधितों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए. उन्होंने शहर में झाड़ू लगाने, कचरा उठाव, कचरा संग्रहण, कचरा निस्तारण, कचरा गाड़ी की नियमितता के संबंध में किए जा रहे कार्यों की स्थिति जानी एवं सफाई कर्मियों को नियमित सफाई करने हेतु पाबंद किया. उन्होंने शहर में ड्रेनेज व्यवस्था की स्थिति को देखा एवं गंदे जल के निकास में आ रही बाधा को दूर करने के लिए नियमित नालों की सफाई करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि जिला कलक्टर के निर्देशानुसार निगरानी प्रणाली के तहत नगर परिषद के अधिकारी एवं कार्मिक , निरीक्षक, सफाई पर्यवेक्षक नियमित फील्ड में जाकर सफाई व्यवस्था कि स्वयं मॉनिटरिंग करें एवं आमजन से सफाई के संबंध में फीडबैक प्राप्त कर आवश्यक सुधार करें और दैनिक रिपोर्ट प्रस्तुत करें. उन्होंने कहा कि आमजन से सफाई के संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर तुरंत कार्रवाई करते हुए निवारण करें. उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के सार्वजनिक शौचालयों में उचित साफ-सफाई सहित पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही पार्क एवं सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ेदान की उपलब्धता, सड़कों के किनारे सफाई, पेड़-पौधों के रख-रखाव का विशेष ध्यान रखा जाए. इस दौरान ईएक्सईएन दीपक मीणा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## उमेश अग्रवाल जार संगठन के खैरथल जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत,प्रमोद केवलानी बने उपाध्यक्ष



मरुधर विशेष

**विजय सिंह /मोहम्मद शकील खैरथल ।** राजस्थान के पत्रकार हितों को लेकर लगातार आवाज उठा रहा जार संगठन के अलवर जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र बसेंद्र व हरपाल सिंह चुनाव पर्यवेक्षक व जिला संयोजक ने खैरथल के पत्रकार उमेश अग्रवाल को जिला खैरथल- तिजारा के जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है, साथ ही उन्होंने प्रमोद केवलानी को जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है, जिसको लेकर जिले के पत्रकारों में हर्ष का माहौल है, जिले के सभी पत्रकारों ने उमेश अग्रवाल और प्रमोद केवलानी को बधाई दी है।अलवर जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र बसेंद्र व हरपाल सिंह चुनाव पर्यवेक्षक व जिला संयोजक जार के द्वारा खैरथल जिला अध्यक्ष का नियुक्ति पत्र उमेश अग्रवाल को सौंप कर बधाई दी गई और जल्दी से जल्दी कार्यकारिणी का गठन करने के लिए कहा गया है। उमेश अग्रवाल ने 0 जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र बसेंद्र व हरपाल सिंह चुनाव पर्यवेक्षक व जिला संयोजक का आभार जताते हुए कहा कि संगठन द्वारा मुझे जो नई जिम्मेदारी दी गई है मैं उसे पूरे इंस्टा के साथ निभाऊंगा और संगठन और पत्रकारों के हितों को लेकर काम करूंगा।

## पूर्व छात्र परिषद बैठक संपन्न



मरूधर विशेष

**अरुण जोशी ब्यूरो चीफ बांसवाड़ा बांसवाड़ाः** स्थानीय विद्यालय में पूर्व छात्रों की सामूहिक बैठक राजस्थान क्षेत्र संगठन मंत्री गोविंद कुमार के व जिला सचिव ललित कुमार दवे के सानिध्य में संपन्न हुई। परिचय व स्वागत विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूनम सोलंकी ने किया ।इस अवसर पर गोविंद कुमार ने पूर्व छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी ने 10 से 12 वर्षों तक इस विद्यालय में अध्ययन किया साथ ही आज हम सभी किसी न किसी अच्छे कार्य क्षेत्र में स्थापित हुए हैं, तथा विद्यालय के से प्राप्त शिक्षा व संस्कारों को अपने निज जीवन व समाज में प्रसारित कर रहे हैं। किसी भी व्यक्ति के जीवन में सफलता प्राप्त करने व ऊंचाइयों को प्राप्त करने में जितना योगदान माता-पिता का होता है, उतना ही विद्यालय व गुरुजनों का भी होता है, अतः जिस विद्यालय में हमने अध्ययन किया है उससे हमारा जुड़ाव होना चाहिए साथ ही हमें सामाजिक कार्य करते हुए समाज व देश में व्याप्त वर्तमान चुनौतियां को दूर करने में अपना योगदान देना चाहिए। गोविंद कुमार ने कहा कि वर्तमान में विद्या भारती के पूर्व छात्र पोर्टल पर 10 लाख 29 000 पूर्व छात्र पंजीकृत हैं जो की किसी भी संस्था के पूर्व छात्र पंजीयन में सर्वाधिक हैं ।कार्यक्रम का संचालन पूर्व छात्र परिषद संयोजक कपिल पाटीदार ने किया तथा आभार पूर्व छात्र परिषद सह संयोजक गोविंद पटेल ने व्यक्त किया।

## विश्व मजदूर दिवस पर कर्मचारियों को उपहार किये भेंट

मरूधर विशेष




**कोटपूतली,** राजमार्ग स्थित द राजस्थान स्कूल में मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में गुरूवार को विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मजदूर दिवस की महत्ता को विद्यार्थियों व शिक्षकों द्वारा विशेष रूप से प्रकट किया गया। प्रधानाचार्या शालिनी चौधरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि मजदूर राष्ट्र का निर्माता होता है, वह कठोर परिश्रम व कर्तव्य निष्ठा के साथ राष्ट्र के विकास में अहम भूमिका निभाता है। मजदूर समाज की व्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा है। अभावों व कष्टों का जीवन जीते हुये भी वह हर हाल में संतुष्ट रहता है। मजदूरों के प्रति हम सभी को सम्मान व सहानुभूति के भाव रखने चाहिये। हमारा यह प्रयास रहना चाहिये कि हम अपने सहयोगी कार्मिकों का सहयोग कर उनके कार्यों की सराहना भी करें। बर्सर विकास चौधरी व उपप्रधानाचार्य रमेश सकलानी ने विद्यालय में कार्यरत सभी सहयोगी कर्मचारियों के कार्यों की प्रशंसा करते हुये कहा कि आप अपने अथक प्रयासों से इस विद्यालय की अनेक गतिविधियों के संचालन में हमारा सहयोग करते है। आपके अमूल्य योगदान के कारण ही यह विद्यालय इतना सुंदर व सुसज्जित नजर आता है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. राजेश यादव ने बताया कि विद्यालय में कार्यरत सभी सहयोगी कर्मचारियों के प्रति सम्मान व श्रद्धा का भाव प्रकट करते हुये विद्यार्थियों ने उन्हें तिलक लगाकर मिठाईयां व उपहार भेंटकर सम्मानित किया।

## विदाई समारोह में प्रधानाचार्य अमर लाल का किया सम्मान



मरुधर विशेष

**विजय सिंह/ मोहम्मद शकील खैरथल ।** महात्मा गाँधी विधालय रसगन के उप प्रधानाचार्य अमर लाल पदोन्नत होकर प्रधानाचार्य पद पर धौलपुर लगाए जाने पर स्कूल परिवार सहित ग्रामीणों ने प्रधानाचार्य अमर लाल का सम्मान स्वागत कर बधाई दी। गुरुवार को विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं ग्राम वासियों ने विदाई समारोह में प्रधानाचार्य अमर लाल को साफा पहना कर एवं मिठाई खिलाकर सम्मान किया विदाई दी। अमर लाल ने 9 जुलाई 2024 को रसगन विधालय में उप प्रधानाचार्य पद पर कार्यग्रहण किया था। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक मनीत मीणा, हर्ष भारद्वाज, राकेश श्रीवास्तव, मनीष बड़सीवाल, फूलसिंह, भागीरथ, रविन्द्र कुमार श्रीमती प्रेमलता,श्रीमती संकेता यादव, राकेश चौधरी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस मौके पर मौजूद अध्यापक और ग्रामीणों ने विद्यालय में उप प्रधानाचार्य अमर लाल के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रधानाचार्य अमर लाल ने सभी अध्यापक साथियों और ग्रामीणों का आभार जताया ।

मरुधरहिंद 24 न्यूज़ प्राइवेट लिमिटेड के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित,। मो. 9653906665, , (राजस्थान संपादक विशाल यादव 8875020583) ( राजस्थान सहसंपादक सुनील कुमार 98878 77947 ) 7014373732